हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, रविवार 8 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 36.7 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आज**

**शहरी सरकार में दो दर्जन से ज्यादा महिला पार्षद**

# ऐसे में कैसे होगी महिला सशक्त, पार्षद पति उठा रहे फोन, वार्ड से लेकर गांधी सदन तक धमक

प्रदीप शर्मा ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम रायपुर में इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में 2 दर्जन से ज्यादा महिलाएं जनता के बीच से मेंबर चुनकर सदन में पहुंची हैं, पर हैरानी की बात ये है कि जब वार्ड की जनता अपने महिला पार्षद को फोन लगाकर वार्ड की समस्या बताना चाहती है, तो ज्यादातर के फोन में मैडम के पति या प्रतिनिधि उठाते हैं, पूछते हैं...बोल का काम हे? हैरानी इस बात की है कुछ महिला पार्षद ऐसी भी हैं, जिनके पास अपने खुद का मोबाइल नंबर तक नहीं है, जो मोबाइन नंबर नगर निगम में दिया गया है, वह उनके पति का है। जिन महिला पार्षदों के पास खुद का मोबाइल नंबर है, उनका फोन उनके पार्षद पति हैंडल कर रहे हैं। 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है, ऐसे में कैसे होगा महिला सशक्तिकरण? पेश है एक रिपोर्ट -




## महापौर खुद उठाती हैं फोन

*महापौर मीनल चौबे अपना फोन खुद उठाती हैं। सुनती हैं और समस्याओं के निराकरण का प्रयास भी करती हैं। वहीं कुछ महिला पार्षद भी अपना फोन अपने पास रखती हैं। इनमें कुछ महिलाएं जोन या विभागाध्यक्ष हैं। ऐसी महिला पार्षद जिनके पति पूर्व से राजनीति में हैं वे अक्सर पार्षद पत्नि का फोन अपने पास रखते हैं और बात भी खुद करते हैं।*

## 70 वार्ड में 26 महिला पार्षद

*रायपुर नगर निगम के 70 वार्ड में इस समय 26 महिलाएं पार्षद चुनकर सदन में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। नगर निगम 10 में से दो जोन ऐसे हैं, जहां महिलाएं जोन अध्यक्ष की जिम्मेदार पद पर आसीन हैं। जोन अध्यक्ष के रूप में उन्हें न केवल अपने वार्ड, बल्कि उस जोन में समाहित 7 वार्ड की कमान मिली हुई है।*

### केस 1

**शहीद भगत सिंह वार्ड -**
**पार्षद गायत्री-सुनील चंद्राकर**
**हलो मैडम से बात हो रही है**
**जवाब पार्षद पति** - मैडम घर में नहीं है, मीटिंग में गई है, फोन घर में ही है, क्या काम है बताइए?
**प्रश्नकर्ता** - मैडम को समस्या बतानी है कब बात होगी ?
**जबाब**- घर लौटने पर बात करा दूंगा ।

### केस 2

**कालीमाता वार्ड-**
**पार्षद व जोन अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू**
हलो ......
**जवाब** - फोन में पार्षद पति - बोल का काम हे?
**प्रश्नकर्ता** - मैडम से बात करना रहिस हे, नइ हे का?
**जवाब** - घर मा हे काम बूता करत हे, व्यस्त हे।

### केस 3

**ठक्कर बापा वार्ड -**
**पार्षद परमिला-बल्लाराम साहू**
हलो पार्षद मैडम बोल रही हैं क्या?
**फोन पर जवाब पार्षद पति का** - नहीं फोन मेरे पास रहता है, ज्यादातर फोन नगर निगम के काम का ही आता है, इसलिए फोन मेरे पास रहता है। अभी घर में नहीं हूं घर लौटूंगा तो उन्हें बता दूंगा।
**प्रश्नकर्ता** - पर मोबाइल नंबर तो मैडम का ही है ना?
**जवाब** - हां उनका ही है पर घर एक ही फोन है, घर में फोन आता है, तो वो भी बात कर लेती है, पर निगम का काम मैं ही करता हूं, इसलिए फोन मेरे पास है
**प्रश्न** : निगम बजट को लेकर महापौर ने पार्षदों से सुझाव मांगा था, आप लोगों ने भिजवाया क्या?
**जवाब** - अभी सुझाव नहीं दिया है।

### केस 4

**कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड -**
**पार्षद सुषमा-तिलक साहू**
**हलो** ... जवाब पार्षद पति का रायपुर में नही हैं भाई कामाख्या मंदिर दर्शन के लिए आए है
**प्रश्नकर्ता** : पर ये नंबर तो पार्षद मैडम का है ना आपने उठाया ?
**जवाब** - घर में एक ही नंबर है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक को ओवरटेक कर रही एंबुलेंस नाले में गिरी तीन लोग बाल-बाल बचे



**रायपुर।** भाठागांव के पास रिंगरोड पर एक प्राइवेट एंबुलेंस ट्रक को ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर सड़क से लगे नाले में जा पलटी। इस हादसे में एंबुलेंस में सवार ड्राइवर सहित तीन लोग बाल-बाल बच गए। हालांकि हादसे में एंबुलेंस को काफी क्षति पहुंची है। टिकरापारा थाने के अनुसार, घटना शनिवार को तड़के करीब 5 बजे की है। एंबुलेंस सीजी-0413, एएल-8932 खुशी हास्पिटल की बताई जा रही है। घटना के समय एंबुलेंस तेज रफ्तार से रिंगरोड से गुजर रही थी। इस दौरान चालक ने एक ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक चालक ने ट्रक को नाले ▶▶|शेष पेज 13 पर

# निसदा की सभी फर्शी खदानों का ठेका निरस्त, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र में ग्राम निसदा में संचालित सभी 7 फर्शी खदानों का ठेका जिला प्रशासन ने निरस्त कर दिया है। इस संबंध में कलेक्टर गौरव सिंह ने 3 मार्च को आदेश जारी किया है। इन फर्शी खदानों में जहां नियमों के विरुद्ध उत्खनन का काम कर शासन को हर साल करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचाया जा रहा था, वहीं दूसरी ओर महानदी का भी अस्तित्व खतरे में आ गया था, क्योंकि इन खदानों से निकलने वाले वेस्ट मटेरियल को महानदी में फेका जा रहा था, जिससे ▶▶|शेष पेज 13 पर

### पट्टेदारों के विरुद्ध बनाया 30 करोड़ 40 लाख का प्रकरण

ग्राम निसदा में संचालित फर्शी खदानों को 30 वर्षों के लिए अलग-अलग वर्ष एवं तारीख में उत्खनन के लिए पट्टेदारों को ठेके पर दिया गया था, लेकिन इन फर्शी खदानों में नियमों के विरुद्ध उत्खनन कराया जाना पाया गया। महानदी में वेस्ट मटेरियल फेके जाने के बाद उठे इस मामले में जिला प्रशासन के निर्देश पर खनिज विभाग ने जांच कराई गई थी। इस जांच में पाया गया कि उत्खनन के लिए पट्टेदारों को जिस खसरा ▶▶|शेष पेज 13 पर


फर्शी खदानों के वेस्ट पत्थरों से महानदी के कई तट 200 मीटर तक पट चुके, बंद करने के आदेश की धज्जियां

### 200 मीटर तक पट चुकी थी नदी की चौड़ाई

इन फर्शी खदानों से निकलने वाले वेस्ट मटेरियल के कारण रायपुर और महासमुंद सीमा से गुजरी महानदी का असिस्त्व भी खतरे में आ गया था। सभी पट्टेदार बिना किसी की अनुमति लिए खदानों से निकलने वाले वेस्ट मटेरियल (पत्थरों) को महानदी के तटों पर डंप करा रहे थे, जो एनजीटी के नियमों का उल्लंघन है। इससे महानदी के किनारे 200 मीटर तक पट चुके हैं।

### सीएम और पीएमओ तक शिकायत

इन फर्शी खदानों में चल रहे नियमों के विरुद्ध उत्खनन और महानदी को वेस्ट पत्थरों से पाटे जाने के विरोध में गांव के कई लोगों ने पूर्व में इसकी शिकायत जिला प्रशासन से लेकर मंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल से लेकर पीएमओ कार्यालय तक कर चुके हैं। इसके बाद भी महानदी को पाटने से रोकने के लिए जिला और राज्य पर्यावरण विभाग की ओर से अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है।

### हाईकोर्ट में पीआईएल लगा दो सप्ताह में मांगा जवाब

*खदानों से निकलने वाला वेस्ट पत्थरों से महानदी का अस्तित्व खतरे में है। इसे लेकर हाईकोर्ट में निसदा गांव के कुछ लोगों ने जनहित याचिका भी लगी हुई है। कोर्ट ने इस मामले में खनिज विभाग, प्रशासन को भी पार्टी बनाते हुए दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। इस जन याचिका में पट्टेदार भी अपना पक्ष रख सकते हैं।*

### ठेका निरस्त कर दिया है

*निसदा की सातों फर्शी खदानों का ठेका निरस्त कर दिया है। पट्टेदारों को जवाब प्रस्तुत करने नोटिस जारी किया था, जो जवाब आया है वह संतोषजनक नहीं है तथा नियमों के विरुद्ध खदानों में उत्खनन जाना पाया है। इस कारण प्रशासन ने छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम के तहत ठेका निरस्त कर दिया है।*

*- **राजेश मालवे**, जिला अधिकारी खनिज विभाग रायपुर*

**निगम की टीम ने की कार्रवाई**

## अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर दर्जनभर अवैध निर्माण जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 8 की टीम ने शनिवार को जरवाय क्षेत्र में की जा रही अवैघ प्लाटिंग पर कार्रवाई की। एक एकड़ निजी भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी के मुरुम मार्ग को जेसीबी से काटकर और वहां किए गए अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। शहर के आउटर में स्थित इलाकों में अवैध प्लाटिंग की समस्या तेजी से बढ़ रही है, इस पर रोक लगाने नगर निगम प्रशासन ने अभियान चलाया है। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश और जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के नेतृत्व में वीर सावरकर नगर वार्ड के जरवाय इलाके में अज्ञात भू स्वामियों द्वारा बिना अनुमति लिए खेतों से सड़कें बनाई जा रही थी, साथ ही प्लॉट काटकर बेचे जा रहे थे। जोन 8 अमले ने कार्रवाई के दौरान दर्जन भर प्लिन्थ लेवल तक किए गए अवैध निर्माण को तोड़ दिया। इसके अलावा अज्ञात अवैध प्लाटिंग कर्ताओं द्वारा बिछाई गई अवैध मुरूम रोड को जेसीबी की सहायता से जगह-जगह से काटा गया ▶▶|शेष पेज 13 पर






# संतोष की आंखों से दुनिया देखेंगे दो लोग, त्वचा भी आएगी जीवन संवारने के काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुरुद में रहने वाले संतोष की मृत्यु के बाद उसकी आंखों के जरिए दो जिंदगी रोशन होगी। वहीं दान में दी गई त्वचा की मदद से हादसे में मिले जख्म को भरकर मरीजों का जीवन संवारा जाएगा।

सीढ़ी से गिरकर गंभीर स्थिति में अस्पताल पहुंचे संतोष की मृत्यु के बाद पत्नी ने पहाड़ जैसे दुख के बाद भी मानवीय हित में बड़ा फैसला लिया। धमतरी जिले के कुरुद में रहने वाला संतोष यादव होली के दिन घर की सीढ़ी से गिर गया था। उसे इलाज के लिए डीके हास्पिटल के न्यूरो सर्जरी विभाग में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान सिर पर लगी गंभीर चोट से उसकी मृत्यु हो गई। उसके ब्रेनडेड होने के दौरान पत्नी सुरुज बाई का अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ हेमंत शर्मा तथा मीना शर्मा के नेतृत्व में टीम ने काउंसिलिंग की। मृत्यु के बाद परिवार के सदस्यों को दुखद घड़ी में अंगदान के बारे में जागरूक करके समझाना कठिन कार्य होता है। काफी कोशिश के बाद पत्नी ने इसकी सहमति दी और संतोष की मृत्यु के बाद आंबेडकर अस्पताल के नेत्र रोग विभाग के डॉ मुकेश भगत और डॉ संजय शर्मा ने डीकेएस पहुंचकर नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की।

डीकेएस की प्लास्टिक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ दक्षेस शाह की टीम ने समय सीमा में स्किन डोनेशन करवाया। दान में दिए गए दोनों अंगों की मदद से जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलेगा।

- सीढ़ी से गिरकर हुआ था जख्मी, इलाज के दौरान अस्पताल में मृत्यु
- पहाड़ जैसे दुख के बाद भी पत्नी ने लिया मानवीय हित में बड़ा फैसला



### कलेक्टर पहुंचे, आर्थिक मदद भी

मामले की जानकारी होने के बाद कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने डीकेएस अस्पताल पहुंचकर नेत्र एवं त्वचा दान करने वाले मृतक की पत्नी सुरुज बाई को सम्मान पत्र प्रदान कर उनके इस मानवीय निर्णय की सराहना की। इसके अलावा उसे आर्थिक सहायता राशि के रूप में 21 हजार का चेक सौंपा गया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, रायपुर एसडीएम नंदकुमार चौबे, अस्पताल अधीक्षक डॉ शिप्रा शर्मा, सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, सोटो के जॉइंट डायरेक्टर डॉ वरुण अग्रवाल उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री साय से मिलीं वैभवी अग्रवाल

रायपुर। यूपीएससी में 35वां रैंक प्राप्त करने वाली वैभवी अग्रवाल ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा, वैभवी अग्रवाल ने अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। उनकी यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। छत्तीसगढ़ व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक नितिन अग्रवाल ने भी वैभवी की सफलता पर बधाई देते हुए कहा, उनकी उपलब्धि प्रदेश की बेटियों के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर वैभवी के पिता शीतल अग्रवाल और भाई विनायक अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

### विनायक ताम्रकार भाजपा से निलंबित

रायपुर। अफीम की खेती के मामले में विनायक ताम्रकार का नाम सामने आने के बाद भाजपा ने उनको पार्टी से निलंबित कर दिया है। प्रदेश भाजपा के महामंत्री नवीन मार्कंडेय के हस्ताक्षर से जारी पत्र में लिखा गया है, आपके आचरण और कृत्य से भाजपा की छवि धूमिल हुई है। आपका यह कृत्य पार्टी की अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

## लखपति दीदी अभियान से छत्तीसगढ़ की महिलाएं लिख रही समृद्धि की नई कहानी : सीएम साय

# छत्तीसगढ़ की महिलाएं आत्मनिर्भरता और नवाचार से बना रहीं नई पहचान

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 'लखपति दीदी संवाद' कार्यक्रम में किया आत्मीय संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता, मेहनत और नवाचार के बल पर नई पहचान बना रही हैं और हमारी सरकार उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'लखपति दीदी संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आई स्वसहायता समूह की हजारों महिलाएं और लखपति दीदियां उत्साहपूर्वक शामिल हुईं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है और जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का निवास होता है। उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं घरों तक सीमित रहती थीं, लेकिन आज प्रदेश की महिलाएं स्वसहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शासन का लक्ष्य लखपति दीदियों को और अधिक सशक्त बनाकर गांव की प्रत्येक महिला को लखपति बनाना और भविष्य में लखपति ग्राम का निर्माण करना है।



### प्रदेश में 8 लाख लखपति दीदी

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले लोग कहते थे कि महिलाओं को लखपति बनाना संभव नहीं है, लेकिन आज प्रदेश में 8 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में ये महिलाएं लखपति से करोड़पति दीदी बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर राजस्व मंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक सुनील सोनी, सचिव भीम सिंह, रायपुर संभाग के आयुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, मिशन संचालक अश्वनी देवांगन सहित बड़ी संख्या में लखपति दीदियां और स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

### प्रदेश में 10 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर छत्तीसगढ़ में 10 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से वर्तमान में लगभग 8 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में 10 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गांवों के लोगों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर चुकी है और इनके निर्माण में बिहान की दीदियां भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना प्रारंभ की गई है, जिसके तहत लगभग 70 लाख माताओं-बहनों को 24 किश्तों में 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है तथा इस वर्ष के बजट में इसके लिए 8,200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लखपति दीदी योजना से प्रदेश की 5 लाख से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बन चुकी हैं और अब लखपति दीदी भ्रमण योजना शुरू कर उन्हें देश-प्रदेश के व्यावसायिक केंद्रों और शक्ति पीठों का भ्रमण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायत विभाग द्वारा 250 महतारी सदनों का निर्माण, आंगनबाड़ी संचालन और पोषण योजनाओं के लिए भी इस वर्ष के बजट में प्रावधान किया गया है।

# होली के बाद कल से होगा विधानसभा का बजट सत्र

## 9 दिनों में विभागों के बजट पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



होली की छुट्टी के बाद 9 मार्च से दोबारा विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने जा रहा है। 9 तारीख से शुरू होने वाले बजट सत्र को लेकर कांग्रेस ने भाजपा को घेरने की रणनीति तैयार कर ली है। वहीं बजट पर सामान्य चर्चा के बाद विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा शुरू होगी। 20 मार्च तक चलने वाले सत्र में 9 दिनों में मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों से संबंधित 33 विभागों की अनुदान मांग पर चर्चा कर पारित की जाएंगी। चर्चा के लिए समय कम मिलेगा और हर दिन एक मंत्री के विभाग पर चर्चा होगी। वहीं अंतिम दो दिनों में सत्र में लाए जाने वाले विधेयकों पर चर्चा कर पारित किए जाएंगे। होली की छुट्टी के बाद 9 तारीख से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र को लेकर कांग्रेस ने शराब और उसके बाद हुई हत्या के मामले को मजबूती से उठाने का निर्णय लिया है। होली के समय में शराब की दुकानों को नहीं बंद करने का निर्णय भारतीय जनता पार्टी के लिए परेशानी का कारण बना था। हालांकि मुख्यमंत्री ने अपनी समीक्षा के बाद दुकानों को बंद करने का निर्देश जारी कर दिया था।

### कानून व्यवस्था किसके कार्यकाल में बेहतर

प्रदेश में कानून व्यवस्था के सवाल को लेकर कांग्रेस लगातार मामले उठाती रही है। अब किसकी सरकार बेहतर थी और किसके राज में कानून व्यवस्था मजबूत रही ये बताया जा रहा है। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने बयान में कहा, विधानसभा में कानून व्यवस्था को लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कामकाज के दौरान कानून व्यवस्था पर जो टिप्पणी और सवाल पूछा गया था उस पर मैंने जवाब दिया था। साथ ही हमने अपनी सरकार के 26 महीने के कामकाज और कानून व्यवस्था का पूरा विवरण दिया। इसके अलावा कांग्रेस के समय में जिस तरीके की कानून व्यवस्था का हाल था, उसकी भी जानकारी हमने पटल पर रखी।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार अनिल कुमार जायसवाल पिता श्री मुन्द्रिका जायसवाल, निवासी बन्यान - 1/ 153, सीजी हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बोरिया कला, माना- कैम्प रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता / प्रतीक अग्रवाल पिता श्री स्व. श्री शिव कुमार अग्रवाल, निवासी-हाउस नं. ई-5, जी. ई. रोड, नवभारत प्रेस के पास फरिस्ता काम्पलेक्स रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) वाले के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो वाके मौजा- गुदगुदा, प.ह.नं. 00025, रा.नि.मं. आरंग, तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 62/2, रकबा 0.2100 हेक्टेयर भूमि जो राजस्व अभिलेखों में विक्रेता / प्रतीक अग्रवाल पिता श्री स्व. श्री शिव कुमार अग्रवाल के नाम पर दर्ज हैं। भूमि क्रय हेतु मेरे पक्षकार द्वारा इकरारनामा का निष्पादन कर, अग्रीम राशि अदा कर दी गई हैं, केवल पंजीयन की कार्यवाही शेष हैं।

उक्त सम्पत्ति पर जिस किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था बैंक, साहूकार, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, वित्ती, निकाय, आस-पास के भूमि धारक इत्यादि को उक्त संव्यवहार के संबंध में कोई आपत्ति - या दावा हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्तियाँ मय दस्तावेज के मेरे नीचे लिखे पते पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा तथा मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नही होगा ।

सो सूचना जानिए ।

दिनांक 07.03.2026
रायपुर (छ.ग.)

भवदीय
राज रजिन्दर सिंग (अधिवक्ता)
तेलीबांधा, रविग्राम, रायपुर (छ.ग.)
9827808212, 6266169720

### आम सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण व आम आदमी / संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रीतिक बंजारे, पिता श्री बैसाखू बंजारे, उम्र 21 वर्ष, निवासी- ग्राम भुरकोनी, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेतागण क्र.- (1) प्रमोद कुमार, पिता बिसेलाल, निवासी- भंडारपुरी, तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. से विक्रेतागण की स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम भंडारपुरी, खसरा नं.- 60, रकबा 0.3800 हे याने 95 डिसमील, प.ह.नं. - 00004, रा. नि.मं. भैसा, तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है जिसके खाते में निम्न पक्षकारगण का नाम भी सम्मिलित हैं (ii) अंजली (iii) लता (iv) सोनी (v) हिरा बाई (vi) ना.बा. तुषार (vii) कणिका (viii) परमिला सभी निवासी- भंडारपुरी, तहसील आरंग, जिला - रायपुर छ.ग. है जिसमें से 50 डिसमिल क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना / टोकन राशि प्रदान कर दी गई है तथा शेष बकाया प्रतिफल अदायगी उपरांत बैनामा पंजीयन कराया जाना शेष है।

एवं

मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेतागण क्रमांक- 02 एक अन्य भूमि विजय मनहरे, पिता भुलन मनहरे, निवासी भंडारपुरी के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम भंडारपुरी, प.ह.नं.- 00004, रा.नि.मं.- भैसा, खसरा नं.- 61/2 एवं 61/4 कुल रकबा 0.4000 हे. याने 01 एकड़ तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि में से 50 डिसमिल क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना / टोकन राशि प्रदान कर दी गई है तथा शेष बकाया प्रतिफल अदायगी उपरांत बैनामा पंजीयन कराया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित भूमि / संपत्ति दोनों एक-दूसरे से लगी हुई है जिसके संबंध में कोई भी व्यक्ति, पारिवारिक सदस्य, किसी संस्था (शासकीय, अशासकीय, वित्तीय निकाय) फर्म, समूह, कंपनी, ट्रस्ट या अन्य किसी को विक्रय करने के संबंध में कोई दावा आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात की गई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पंजीयन की कार्यवाही करा लिया जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक .03.2026

शेख अयाजुद्दीन (अधिवक्ता)
पता- बार रूम नं. 110, टेबल नंबर-26, प्रथम तल, जिला एवं सत्र न्यायालय, रायपुर (छ.ग.)
मो.- 7869159987

**पत्र क्र./28107/न.पा.नि./जोन क्र.-6/2026, रायपुर, दिनांक 07/03/2026**

**//इश्तिहार//**

**नामंतरण प्र.क्र. 28107**
**वार्ड का नाम- 59 मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 59 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651B00366 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MURTI VIBHA पिता/पति श्री/श्रीमती LATE R.P. UPADHYAY के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती PUNESHWAR LAL SINHA पिता/पति श्री/श्रीमती ANKALU RAM SINHA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बस्तर में वृहद महतारी वंदन सम्मेलन

## मुख्यमंत्री जारी करेंगे महतारी वंदन योजना की 25वीं किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के अवसर पर बस्तर जिले में 'वृहद महतारी वंदन सम्मेलन–2026' का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और सम्मेलन के दौरान प्रदेश की महिलाओं के खातों में महतारी वंदन योजना की 25वीं किस्त जारी करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं अरुण साव, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े तथा वन मंत्री केदार कश्यप सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक तथा विभिन्न आयोगों और मंडलों के पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित यह सम्मेलन मातृशक्ति के सम्मान, महिला सशक्तिकरण तथा महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर विभागीय स्टॉलों के माध्यम से महिलाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं, स्वरोजगार के अवसरों तथा पोषण संबंधी कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रदान की जाएगी।

### अब तक कुल 16 हजार 237 करोड़ अंतरित

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रदेश की 69 लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। योजना के तहत 25वीं किस्त जारी होने के बाद अब तक कुल 16 हजार 237 करोड़ 33 लाख रुपये की राशि महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित हो जाएगी।

# मूणत के होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री साय समेत कई जनप्रतिनिधि हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रंगपंचमी के अवसर पर रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत द्वारा शनिवार को सोनकर बाड़ी में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और पूरे उत्साह के साथ रंगों के इस पर्व का आनंद लिया गया। मुख्यमंत्री साय ने होली और रंगपंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा, होली भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है, जो समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा, ऐसे सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने का कार्य करते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना भी की। श्री मूणत ने कहा, होली और रंगपंचमी का त्योहार समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द्र को बढ़ाने का संदेश देता है। उन्होंने कहा, इस प्रकार के होली मिलन समारोह लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक समरसता को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। श्री मूणत ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों, कार्यकर्ताओं और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को होली और रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं। समारोह में मुख्यमंत्री साय, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत और अन्य जनप्रतिनिधियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

### रायपुर शहर जिला भाजपा के होली मिलन में पहुंचे सीएम साय

भारतीय जनता पार्टी के एकात्म परिसर स्थित कार्यालय में शनिवार को रायपुर शहर जिला के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, यह होली प्रदेश के लिए विशेष खुशियां लेकर आई है। श्री साय ने होली के पावन पर्व के परिप्रेक्ष्य में अपनी सरकार की अल्पकाल की बड़ी उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा, प्रदेश सरकार द्वारा मोदी की गारंटी को तेजी से पूरा किया गया है। समारोह को विधायक पुरंदर मिश्रा एवं जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक मोतीलाल साहू, राज्यसभा सांसद प्रत्याशी लक्ष्मी वर्मा, अमर जीत छाबड़ा, केदार गुप्ता, डॉ सलीम राज, अकबर अली, कृतिका जैन उपस्थित थे।



### समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय रायपुर जिला रायपुर छ.ग.
### नाम परिवर्तन/ शपथ पत्र

मै शपथकर्ता मीना बांधे पति श्री अमर दास बांधे निवासी सतनामी पारा सरोरा रायपुर छ.ग. तह. व जिला रायपुर छ.ग. की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक पेश करती हूंः-

1. यह कि मै उपरोक्त पते की निवासी हूं।
2. यह कि मुझे भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई मेरे नागरिकता प्रमाण पत्र मेरा नाम मीना बांधे दर्ज है।
3. यह कि मेरे समस्त दस्तावेजो में जैसे कि मेरे आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा बैंक मेरा नाम मीना बांधे (MINA BANDHE) पति अमन दास बंधे दर्ज है।
4. मुझे मेरी पुत्री के स्कूल के दस्तावेजो में नाम सुधरवाने की आवश्यकता पड़ रही है।
5. यह कि मैं शासकीय गजट राजपत्र में अपना नया नाम DHANI MARKAM विलोपित कर DHANI BANDHE पिता AMAN DAS माता MINA BANDHE प्रकाशित करवाना चाहती हूं जिस बाबत यह शपथ पत्र में दी गई जानकारी सही व सत्य होने के प्रमाण में श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापन करती हूँ कि इस शपथ पत्र की कुल कंडिका क्रं. 1 से 5 तक के कथन में मेरी निजी जानकारी के अनुसार सत्य है अतः इस शपथ पत्र को पढकर व समझकर रायपुर में दिनांक................ को अपना हस्ताक्षर किया।

गवाह1
दिनांक- 10/02/2026

शपथकर्ता
मीना बांधे

### आम सूचना

**वाके मौजा – टाटीबंध, प.ह.नं. 00054, रा.नि.मं.- रायपुर एक, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 369/28 रकबा क्रमशः 0.0240 हेक्टेयर भूमि के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता अनिल पिता श्री एस.एन. चोपड़ा, निवासी- बल्लभ कॉलोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि वाके मौजा - टाटीबंध, प.ह.नं. 00054, रा.नि.मं.- रायपुर एक, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 369/28 रकबा क्रमशः 0.0240 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि अदा कर दिया है शेष राशि पंजीयन के समय अदा किया जावेगा।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति है। तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी, उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा।

**सो सूचना जानें।**

रायपुर, छत्तीसगढ़
दिनांकः 07.03.2026

अजय मिश्रा (अधिवक्ता)
पता- गणपत चौक, हीरापुर, रायपुर (छ.ग.)
Mob.: 95756 98096

### // उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु //

(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
न्यायालयः-कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.
उत्तराधिकार प्र.क्र.-11/2026 प्रो.क्र. 104/26 पेशी तारीख 24.03.2026

श्रीमती सुफल चंदेल ....आवेदकगण
बनाम
एस.बी.आई. म्यूच्यूअल ......अनावेदकगण

**प्रति,**
**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण**

जो कि आवेदकगण के मृतक पति/ पिता स्व. श्री नारायण प्रसाद चंदेल, के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 24.03.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है ।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेंगा ।

नोटः- यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेंगा।

यह आज तारीख 07.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 07.02.2026
मुहर

(कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा)
षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ श्रेणी रायपुर (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन सूचना

यह आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं, आशा सिंह ठाकुर, पति सोमेश्वर सिंह ठाकुर, निवासी मकान नंबर E-22, परशुराम नगर, पुरेना, रायपुर (छत्तीसगढ़) – 492001, यह सत्यापित एवं घोषित करती हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम आशा सिंह, पति सोमेश्वर सिंह ठाकुर त्याग दिया है और अपना नया नाम आशा सिंह ठाकुर, पति सोमेश्वर सिंह ठाकुर अपना लिया है।

अतः अब से सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी तथा अन्य सभी दस्तावेजों में मुझे केवल मेरे नए नाम आशा सिंह ठाकुर, पति सोमेश्वर सिंह ठाकुर के नाम से ही जाना और पहचाना जाएगा।

आशा सिंह ठाकुर
मकान नंबर E-22, परशुराम नगर, पुरेना, रायपुर
(छत्तीसगढ़) – 492001










**खबर संक्षेप**

### समोदा क्षेत्र में आज से तीन दिवसीय रामायण

**आरंग।** ग्राम करमंदी में 8 से 11 मार्च तक अखंड त्रिदिवसीय रामायण समारोह का आयोजन ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों व आयोजक समिति के सहयोग से रखा गया है। इसी प्रकार ग्राम सेमरिया और हरदीडीह में भी अखंड त्रिदिवसीय रामायण समारोह का आयोजन 8 मार्च से 11 मार्च तक ग्रामवासियों व आयोजक समिति के सहयोग से रखा गया है। जिसमें बाहर से आने वाले प्रत्येक मानस मंडली को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक मानस मंडली में 5 सदस्य होना आवश्यक रहेगा। करमंदी, सेमरिया और हरदीडीह के रामायण समिति के सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में मानस टोलियों को अपने गांव आने हेतु आमंत्रित किया है।

### शिविर में 150 विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक किया गया अपडेट

**आरंग।** जिला कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आरंग विकासखंड के विद्यालयों में आधार बायोमेट्रिक अपडेट एमबीयू शिविरों का आयोजन तेजी से किया जा रहा है, इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निसदा एवं टेकारी में विशेष शिविर आयोजित किए गए, जहाँ स्थानीय प्रशासन की तत्परता और बेहतर समन्वय देखने को मिला। शिविर के दौरान निसदा में विद्युत आपूर्ति बाधित होने से कार्य में रुकावट की स्थिति बनी, इसे देखते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने तत्काल संज्ञान लिया और उनके निर्देशानुसार मौके पर जनरेटर की व्यवस्था की गई इसमें प्राचार्य रामजी भारद्वाज एवं सीएसी अभिषेक तिवारी के सक्रिय सहयोग से बायोमेट्रिक अपडेट का कार्य बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से जारी रहा। निसदा, गोइंदा और टेकारी संकुल के लगभग 150 विद्यार्थियों का आधार बायोमेट्रिक अपडेट सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

### भाजपा के राज में कानून-व्यवस्था कंडम : बंजारे

**सिलयारी।** जिला कांग्रेस कमेटी



रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे,ने, रायपुर जिला ग्रामीण क्षेत्र में होली के दौरान चार हत्याये पर गहन चिंता एवं भाजपा सरकार पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि कि भाजपा की राज्य सरकार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुख-नशा, गाजा, अवैध शराब की खुलेआम बिक्री, ऑनलाइन सट्टेबाजी, अपहरण, डकैती एवं हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है हाल ही में होली के आसपास रायपुर ग्रामीण के विभिन्न थाना क्षेत्रों (आरंग, खरोरा, विधानसभा आदि) में हुई चार क्रूर हत्याओं ने पूरे जिले को स्तब्ध कर दिया है। चार मासूमों की जान चली गई, परिवार उजड़ गए, लेकिन पुलिस एवं प्रशासन की सुस्ती एवं नाकामी के कारण अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। हमने पहले ही रायपुर ग्रामीण के सभी थानों का घेराव किया था, एसपी को ज्ञापन सौंपा था तथा रायपुर ग्रामीण पुलिस कमिश्नर को भी विस्तृत ज्ञापन देकर अवैध शराब, सूखा नशे अपहरण डकैती ऑनलाइन सट्टा पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी।

# 19 से हिंदू संवत्सरी 2083 का शुभारंभ, गुरु और मंगल होंगे सर्वाधिक प्रभावकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

हिंदू नववर्ष 2083 की शुरुआत हिंदू पंचांग के अनुसार,प्रतिवर्ष अनुसार चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होगी। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, इसलिए इसे हिंदू नववर्ष का पहला दिन माना जाता है। इसी दिन से पूरे साल का फल और उसके प्रभाव का आकलन भी किया जाता है.पंचांग के अनुसार इस साल का राजा और मंत्री कौन होगा और यह वर्ष देश-दुनिया के लिए कैसा रहेगा, आइए जानते हैं।

हिंदू विक्रम संवत 2083 साल 2026 की शुरुआत 19 मार्च से होगी. इस दिन गुरुवार पड़ रहा है, इसलिए इस वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति होंगे. ज्योतिष के नियम के अनुसार जिस वार से साल शुरू होता है, उसी वार का स्वामी ग्रह पूरे वर्ष का राजा माना जाता है. वहीं इस साल के मंत्री मंगल ग्रह होंगे. इसलिए इस संवत का नाम 'रौद्र' रखा गया है।

**ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हिंदू नया साल चुनौतीपूर्ण होने की संभवाना**



### राजनीति से जुड़े मामलों में उतार-चढ़ाव

जज्योतिषाचार्य पंडित संतोष शर्मा बताया की विक्रम संवत 2083 को 'रौद्र' नाम दिया है। ऐसे हर नए साल का एक अलग नाम होता है। जिससे उस वर्ष के स्वभाव और संभावित घटनाओं का अंदाजा लगाया जाता है ।इस बार नए साल की शुरुआत उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में होगी और उस समय शुक्ल योग के साथ मीन लग्न रहेगा। इन ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति को ज्योतिष में काफी अहम माना जाता है, क्योंकि इन्हीं के आधार पर साल भर के प्रभाव का आकलन किया जाता है। रौद्र शब्द का मतलब उग्र या तेज स्वभाव से जुड़ा होता है.। इसी कारण यह माना जा रहा है कि पूरे साल के दौरान प्रकृति, समाज और राजनीति से जुड़े मामलों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं।

ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, रौद्र नाम का यह संवत थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है. दुनिया भर में राजनीतिक तनाव बढ़ने के संकेत हैं और देशों के बीच मतभेदभी देखने को मिल सकते हैं। कुछ स्थानों पर युद्ध जैसी स्थिति बनने की आशंका भी जताई जा रही है। इसके अलावा इस साल आगजनी, दुर्घटनाओं और प्राकृतिक समस्याओं भी देखने को मिल सकते हैं. कुछ स्थानों पर युद्ध जैसी स्थिति बनने की आशंका भी जताई जा रही है। इसके अलावा इस साल आगजनी, दुर्घटनाओं और प्राकृतिक समस्याओंकी घटनाएं बढ़ सकती हैं।बारिश कम होने की वजह से फसलों पर असर पड़ सकता है, जिससे महंगाई भी बढ़ने की संभावना है. कई देशों में जनता सरकार के खिलाफ आवाजउठा सकती है. कुल मिलाकर यह साल कुछ उतार-चढ़ाव और चुनौतियां लेकर आ सकता है।

**सिलतरा चौकी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना के चंद घंटों के भीतर सभी आरोपियों को दबोच लिया**

# होली में खूनी संघर्ष, चार चाकूबाज गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

राजधानी रायपुर के धरसींवा थाना अंतर्गत ग्राम सांकरा में होली के दौरान नाचने के विवाद ने खूनी मोड़ ले लिया। पुरानी रंजिश और आपसी आवेश में चार युवकों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। सिलतरा चौकी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना के चंद घंटों के भीतर सभी आरोपियों को दबोच लिया। कानून का खौफ पैदा करने के लिए पुलिस ने आरोपियों का सांकरा बाजार चौक से मुख्य मार्ग तक पैदल जुलूस भी निकाला।

पुलिस से मिली जानकारी व घटनाक्रम के अनुसार, प्रार्थी मयंक साहू अपने भाइयों के साथ सांकरा के बजरंग चौक पर होली खेल रहा था। इसी दौरान गांव के हिम्मत मनहर और उसके साथी वहां पहुंचे और नाचने लगे। नाचने के दौरान धक्का-मुक्की होने पर जब शिखर साहू ने उन्हें सावधानी बरतने को कहा, तो आरोपी विवाद करने लगे। उस वक्त मामला शांत हो गया, लेकिन आरोपियों ने रंजिश पाल ली।

### घेराबंदी कर सीने पर किया वार

शाम को आरोपियों ने साजिश के तहत शिखर साहू को अकेला पाकर घेर लिया। जब मयंक अपने भाई को बचाने पहुँचा, तो आरोपियों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से शिखर के सीने पर वार किया और मोटरसाइकिल से फरार हो गए। घायल को तत्काल अस्पताल भर्ती कराया गया।



### सोशल मीडिया पर चाकू लहराकर फैलाई दहशत, युवक जेल दाखिल

**धरसींवा।** राजधानी रायपुर के धरसींवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सांकरा में आम लोगों के बीच चाकू की नोक पर दहशत फैलाने वाले एक आदतन बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी करण नौरंगे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें वह खुलेआम हाथ में धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने के साथ अश्लील गाली-गलौज कर रहा था। इस वायरल वीडियो पर तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है। सिलतरा पुलिस के अनुसार, सिलतरा चौकी क्षेत्र के ग्राम सांकरा बाजार के पास आरोपी करण नौरंगे पिता पुनेंद्र नौरंगे (23 ) धारदार हथियार के साथ उत्पात मचा रहा था। घटना का वीडियो सामने आने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इस पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। सिलतरा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह कंवर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी की पतासाजी शुरू की और उसे घेराबंदी कर धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से डराने-धमकाने में इस्तेमाल किया गया धारदार चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी करण नौरंगे के खिलाफ चौकी सिलतरा व थाना धरसींवा में अपराध क्रमांक 135/26 के तहत धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल दाखिल करा दिया गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।



### जानलेवा हमले में युवक गंभीर, आरोपी के खिलाफ चालान पेश



**अभनपुर।** ग्राम खोरपा में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक का रायपुर के निजी अस्पताल में उपचार जारी है, जबकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खोरपा निवासी परसराम ध्रुव पर 4 मार्च की शाम करीब 7 बजे जवाहर चौक के पास गांव के ही युवक योगेश कुमार साहू ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पुरानी रंजिश को लेकर परसराम ध्रुव को जान से मारने की धमकी देते हुए लात से हमला किया, जिससे वह गिरकर सिर के पीछे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो परसराम ध्रुव गौरा चौक के पास बेहोशी की हालत में पड़ा था। उसके सिर के पीछे गहरी चोट लगी थी तथा दोनों कान और नाक से खून निकल रहा था। परिजनों ने तत्काल उसे गांव के एक व्यक्ति के सहायता से रायपुर के एक निजी नर्सिंग होम ले जाकर भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है।

## बीमार भतीजे को अस्पताल पहुंचाने पर दो सगे भाइयों ने भाई की कर दी हत्या

**धरसींवा।** रिश्तों की मर्यादा और मानवीय संवेदनाओं को तार-तार कर देने वाली एक रूह कंपा देने वाली वारदात ग्राम मटिया में सामने आई है। जहाँ एक चाचा द्वारा बीमार भतीजे को अस्पताल पहुँचाना उसके सगे भाइयों को इतना नागवार गुजरा कि उन्होंने पीट-पीटकर उसकी जान ले ली। होली के उल्लास के बीच घटी इस 'खूनी रंजिश' ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है।

■ ग्राम मटिया में उपकार के बदले रिश्तों का कर दिया कत्ल

**विवाद की जड़: बिना पूछे अस्पताल क्यों ले गए :** घटनाक्रम बुधवार सुबह का है जब आरोपी कमलेश विश्वकर्मा के बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ गई। घर में मौजूद भाई दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने कर्तव्य और मानवता दिखाते हुए बीमार बच्चे को तत्काल अस्पताल पहुँचाया। लेकिन, जब दिनेश घर लौटा तो सराहना के बदले उसे भाइयों के भीषण आक्रोश का सामना करना पड़ा। आरोपी कमलेश और अखिलेश इस मामूली बात पर आगबबूला हो गए कि दिनेश उनकी अनुमति के बिना बच्चे को अस्पताल क्यों ले गया।

**आरोपी सलाखों के पीछे :** पिता की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बीएनएस (BNS) की धारा 103(1) और 3(5) के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी कमलेश विश्वकर्मा (27) और अखिलेश विश्वकर्मा (32) को धरदबोचा है। वारदात में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया गया है।

**बेरहमी की इंतहा: पिता बने चश्मदीद गवाह**

देखते ही देखते विवाद हिंसक संघर्ष में बदल गया। आवेश में आकर दोनों भाइयों ने दिनेश को घेर लिया और उस पर लात-घूंसों के साथ लकड़ी के डंडों से ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। दिनेश जान बचाने की गुहार लगाता रहा, लेकिन आरोपियों का दिल नहीं पसीजा। सिर पर आई गंभीर चोटों के कारण दिनेश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सबसे हृदयविदारक पहलू यह रहा कि पिता लोकनाथ विश्वकर्मा की आँखों के सामने ही उनके दो बेटों ने तीसरे बेटे की बलि ले ली।

### भिलाई गौठान में चारा-पानी के अभाव में गौवंशों की मौत

**आरंग।** ग्राम पंचायत भिलाई के गौठान में चारा और पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से गौवंश की स्थिति गंभीर हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पर्याप्त भोजन और पानी के अभाव में गाय और बछड़े भूख-प्यास से तड़प रहे हैं, जिससे उनकी हालत दिन-ब-दिन दयनीय होती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार सरपंच और पंचायत प्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। ग्रामीणों के अनुसार, गौठान में चारा-पानी की कमी के कारण लगातार गौवंश की मौत हो रही है, जो बेहद दुखद और चिंताजनक स्थिति है। ग्रामीणों ने प्रशासन और पंचायत से मांग की है कि गौठान में जल्द से जल्द चारा और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि गौवंश की जान बचाई जा सके और ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

## बाबा गेलाराम जन्मोत्सव शुरू, बहराणा साहब शोभायात्रा आज निकाली जाएगी

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के गोदड़ीवाला धाम में ब्रम्ह स्वरूप संत बाबा गेलाराम साहेब का 96 वा जन्म उत्सव तिल्दा के गोदड़ीवाला धाम में श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जाएगा। जन्म दिवस के उपलक्ष में तीन दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को भगवान झूलेलाल जी की विशेष पूजा कर किया गया। 8 मार्च को दोपहर 1 बजे पूज्य बहराणा साहब यात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली जाएगी । दोपहर 2 बजे ज्योति कलश का विसर्जन बड़े तालाब में किया जाएगा। शाम 4 बजे गोदड़ी वाले धाम में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व भगवान झूलेलाल जी की मूर्ति का नगर भ्रमण कराया जाएगा। रात को धाम में भजन कीर्तन होगा। सोमवार प्रात 6 बजे महंत अम्मा मीरा देवी[ देवपुरी रायपुर] शह्जादा साईं लाल साहब जी चकरभाठा के सानिध्य में भगवान झूलेलाल की मूर्ति को पंचामृत से स्नान



कराकर विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। सुबह 9 बजे झंडा वंदन एवं धुनी साहब का शुभारंभ होगा ।सुबह11 बजे पंडित संतोष शर्मा के द्वारा भगवान झूलेलाल जी की मूर्ति का विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। 12 बजे महा आरती के पश्चात भोग साहब का समापन होगा। दोपहर 1 बजे आम भंडारा का आयोजन किया गया है । रात्रि 9 बजे संत बाबा गेलाराम जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा इस अवसर पर ग्वालियर से केशु भाई एंड पार्टी के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा । गोदडीवाला धाम के अध्यक्ष इंदर लेखवानी ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव में बाबा के अनुयायियों का मेला लगा हुआ है । सुबह से देर शाम तक भजन कीर्तन के कार्यक्रम चल रहे हैं। संरक्षक वासुदेव थावरानी ने बताया कि ब्रह्म स्वरूप बाबा गेलाराम जी का जन्मोत्सव धाम में प्रतिवर्ष विशेष धार्मिक आयोजन,के साथ धूमधाम से मनाया जाता है।

### शैक्षणिक विकास के लिए धरसींवा को मिली 1.9 करोड़ की सौगात

**सिलयारी।** धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए 'मुख्य बजट 2026-27' खुशियों की नई सौगात लेकर आया है। विधायक श्री अनुज शर्मा के सतत प्रयासों और उनकी मांगों पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुहर लगाते हुए क्षेत्र के स्कूलों के कायाकल्प के लिए महत्वपूर्ण बजट आवंटित किया है।विधायक अनुज शर्मा ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों और अभिभावकों से शिक्षा व्यवस्था में सुधार की जो मांगें सुनी थीं, उन्हें अब धरातल पर उतारा जा रहा है।बजट 2026-27 में धरसींवा विधानसभा के ग्राम बरौण्डा और मांठ में हाई स्कूल के भव्य नवीन भवनों के लिए 1.50 करोड़ (प्रति भवन हेतु 75.23 लाख) और ग्राम कुंरा, संकरी और कोदवा में नवीन प्राथमिक स्कूल भवनों के निर्माण हेतु 34.44 लाख (प्रति भवन हेतु 11.48 लाख) की मंजूरी मिलीं। विधायक श्री अनुज शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता धरसींवा के हर बच्चे को बेहतर शिक्षा देना है। यह बजट हमारे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नई नींव रखेगा।धरसींवा के नौनिहालों के लिए बजट में प्रावधान करना केवल ईंट-पत्थर का निर्माण नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों को पंख देने की तैयारी है।

## गोढ़ी में शक्ति दल ने किया जनसंपर्क महिलाओं और युवाओं ने ली सदस्यता

**आरंग।** शक्ति दल द्वारा शुक्रवार 6 मार्च को आरंग विधानसभा क्षेत्र के यज्ञ ग्राम गोढ़ी में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान बैस भवन गोढ़ी में बैठक का आयोजन कर ग्रामीणों को संगठन की गतिविधियों और उद्देश्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने शक्ति दल की सदस्यता ग्रहण की, वहीं युवाओं और बुजुर्गों ने भी संगठन से जुड़कर सहयोग का भरोसा जताया।बैठक में शक्ति दल के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि संगठन लगातार महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का उद्देश्य गांव की साधारण महिलाओं को जागरूक कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है, ताकि वे समाज में अपनी भूमिका मजबूत कर सकें। शक्ति दल प्रमुख अधिवक्ता पंडित आयुष दुबे ने कहा कि शक्ति दल से जुड़कर गांव की महिलाएं बड़े स्तर पर सोच विकसित कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर कम मिलते हैं,



लेकिन संगठन उन्हें एक मंच प्रदान करता है, जहां वे अपनी बात खुलकर रख सकती हैं और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संगठित होकर आवाज उठा सकती हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व ग्राम अकोलिखुर्द में भी जनसंपर्क अभियान चलाकर वहां की महिलाओं को संगठन से जोड़ा गया था। शक्ति दल लगातार आरंग विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच सक्रिय रहकर समाज सेवा और जागरूकता के कार्य कर रहा है, जिसके कारण बड़ी संख्या में लोग संगठन से जुड़ने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। गोढ़ी में आयोजित बैठक में ग्रामीण महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगठन की गतिविधियों की सराहना की।

**निधन**

### वेदप्रकाश साहू

**आरंग।** ग्राम तामासिवनी निवासी



वेदप्रकाश साहू (53) का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे सुरेखा साहू के पति, दानेश्वर साहू के पुत्र थे।

### मंतराम मारकण्डे

**सिलयारी।** विधानसभा धरसीवां के ग्राम पंचायत सोंडरा निवासी 54 वर्षीय मंतराम मारकण्डे पिता स्वर्गीय बिशुन मारकण्डे का आकस्मिक निधन 7 मार्च, दिन शनिवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के श्मशान घाट में किया गया। वे सातबाई मारकण्डे के पति एवं रामलाल, बसंतराम और संतराम के छोटे भाई थे, तथा नवभारत प्रेस में कार्यरत राजकुमार मारकण्डे के चाचा थे।

**पेज 11 के शेष**

### ट्रक को ओवरटेक कर .....

की तरफ दबा दिया, जिससे एंबुलेंस अनियंत्रित होकर नाले में जा पलटी। इससे एंबुलेंस का सामने और साइड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय एंबुलेंस में ड्राइवर के अलावा एक हेल्पर एवं मेडिकल स्टॉफ भी था, जो बाल-बाल बच गए।

### निसदा की सभी ....

नदी के किनारे पटने से उसकी चौड़ाई भी कम होती जा रही थी। हरिभूमि ने लाइव रिपोर्टिंग कर इसकी प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। इस खबर के बाद हाईकोर्ट ने भी इसे अपने संज्ञान में लिया था, वहीं अब इस मामले में जिला प्रशासन ने सभी खदानों का ठेका अनुबंध को निरस्त कर दिया है।

**सैकड़ों पेड़-पौधे भी वेस्ट पत्थरों के नीचे दबकर नष्ट हो चुके :** इन खदानों से निकलने वाले वेस्ट पत्थरों के कारण नदी और खदानों के आसपास लगे हरे-भरे सैकड़ों पेड़-पौधे भी नष्ट हो चुके हैं। इससे इस क्षेत्र के साथ नदी के किनारे की हरियाली खत्म हो चुकी है।

**बंद करने के आदेश के बाद भी खनन जारी रहा :** प्रशासन ने ठेका निरस्त करने से पूर्व इन सभी खदानों को बंद करने का आदेश जारी किया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए पट्टेदारों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी, जिस पर हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए थे कि 30 दिनों के भीतर इस मामले में पुनः जांच कराकर निर्णय स्वयं निर्णय ले। हाईकोर्ट के इस निर्देश के बाद भी निर्धारित समय में इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई निर्णय नहीं लिया जा सका, जिसका फायदा कुछ पट्टेदारों ने उठाया और खदानों में अवैध रूप से करीब दो महीने तक उत्खनन जारी रखा।

**होली के बाद से खनन बंद :** होली त्यौहार के समय से इन खदानों में उत्खनन बंद हैं। अब इस मामले में प्रशासन ने सातों खदानों का ठेका ही निरस्त कर दिया है। इस तरह इसके बाद भी अगर यहां उत्खनन हुआ तो खनिज विभाग अब यहां सख्त कार्रवाई करेगा।

**खनिज विभाग दो बार पर्यावरण विभाग को लिख चुका है पत्र :** खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि महानदी को वेस्ट पत्थरों से पाटे जाने और पेड़ों को क्षति पहुंचाने संबंधी मामले में उचित जांच कर कार्रवाई करने के लिए पर्यावरण विभाग को दो बार पत्र लिख चुका है। इसके बाद भी इस मामले में अब तक उनके द्वारा कोई भी जांच या कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### पट्टेदारों के विरुद्ध ....

नंबर की जमीन निर्धारित रकबा हेक्टेयर में खनन किया जाना था, उससे कहीं ज्यादा हेक्टेयर में उत्खनन कर दिया है। जांच के बाद विभाग ने सातों खदानों के पट्टेदारों के विरुद्ध प्रकरण बनाया है। इस प्रकरण के अनुसार सभी पट्टेदारों पर कुल 30 करोड़ 34 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। विभाग ने इस मामले में जिला न्यायालय में केस भी दर्ज कराया है, जिस पर सुनवाई और फैसला आना है।

### अवैध प्लाटिंग पर ....

ताकि वहां आवाजाही और निर्माण कार्य पूरी तरह बाधित हो सके। इस अभियान के दौरान नगर निगम जोन 8 के उप अभियंता अबरार खान सहित नगर निवेशके अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह में शून्य दुर्घटना पर दिया गया जोर

**धरसींवा।** गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड में सात दिवसीय राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन 24 फरवरी से 4 मार्च तक किया गया। इस दौरान संयंत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के प्रभारी संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा श्री मनीष श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि क्वालिटी सर्कल, भिलाई चैप्टर के श्री जी.पी. सिंह विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत संयंत्र के निदेशक श्री प्रताप अग्रवाल, श्री विनोद पिल्लई तथा संयंत्र के सी.ओ.ओ. श्री के.वी.एस.के.एन. रविन्द्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सुरक्षा ध्वजारोहण किया गया तथा समापन समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा सुरक्षा शपथ दिलाई गई। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए संयंत्र के निदेशक श्री प्रताप अग्रवाल ने कहा कि सुरक्षा के प्रति सजगता और सतर्कता के माध्यम से संयंत्र का लक्ष्य 'शून्य दुर्घटना' सुनिश्चित करना है तथा इसके लिए सभी कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के कार्यकारी निदेशक श्री अभिषेक अग्रवाल ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित सुरक्षा मूल्यांकन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन ईशान ताम्रकार, सहायक संचालक (सुरक्षा विभाग) ने किया।

## साहूपारा हत्याकांड पर पूर्व मंत्री ने किया पैदल मार्च कर पुलिस को सौंपा ज्ञापन

**आरंग।** आरंग के साहू पारा में होली के दिन हुई 18 वर्षीय नीरज लोधी की निर्मम हत्या ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश और शोक की लहर पैदा कर दी है। इस हृदय विदारक घटना के बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और प्रदेश की कानून व्यवस्था पर तीखे सवाल खड़े किए। डॉ. डहरिया ने मृतक नीरज लोधी के निवास पहुंचकर उनके परिजनों से भेंट की।

परिजनों से मुलाकात करने से पूर्व, डॉ. डहरिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरंग थाना पहुंचकर प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। नवीन विश्राम गृह से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया के नेतृत्व में पैदल मार्च कर नारेबाजी करते हुए आरंग थाना पहुंचे। थाना प्रभारी को सौंपे ज्ञापन में होली के दिन हुई इस नृशंस हत्या के विरोध में कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि आरंग क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर तत्काल लगाम नहीं लगाई गई और कानून व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले समय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आरंग थाने



का उग्र घेराव किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में कोमल साहू (ब्लॉक अध्यक्ष आरंग ग्रामीण), खिलावन निषाद (ब्लॉक अध्यक्ष आरंग शहर), ओम प्रकाश यादव (ब्लॉक अध्यक्ष चंदखुरी), मंगल मूर्ति अग्रवाल, पार्षद समीर गोरी, ईश्वर पटेल, दीक्षा सूरज सोनकर, शोभा साहू, सत्येंद्र चेलक, राकेश जयसवाल, पिंटू निर्मलकर, राम मोहन लोधी, सजल चंद्राकर, के.के. चंद्राकर, गोपाल चतुर्वेदी, हीरावन साहू, शरद जीतू गुप्ता, विजेंद्र लोधी, चंद्रकला साहू, कुलदीप लोधी, शेखर लोधी, तुलसी पटेल, शुभांशु साहू, कन्हैया साहनी, पुरुषोत्तम धीवर, मनीष चंद्राकर, आलोक शुक्ला, सागर जोशी, सदाराम जलछत्री, एवं कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आयुष्मान योजना, तीन साल में 32.76 लाख मरीजों के इलाज में हुआ 8569 करोड़ का खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इलाज की अनियमितताओं और भुगतान की शिकायतों के बीच आयुष्मान योजना के 32.76 लाख हितग्राहियों के इलाज में 8569 करोड़ रुपए खर्च हुआ है। केंद्र से मिली राशि और अपना हिस्सा मिलाकर विभाग ने लगभग 7550 करोड़ का भुगतान कर दिया है। पंजीकृत अस्पतालों को अभी करीब एक हजार करोड़ देना बकाया है जो पर्याप्त राशि की उपलब्धता के अभाव में रुका हुआ है।

शहीद वीरनारायण सिंह एवं प्रधानमंत्री आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत लोगों को पंजीकृत अस्पताल में निशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बड़ी राशि खर्च होने के बाद भी योजना के संचालन में विभिन्न तरह की कठिनाई और अनियमितताएं सामने आती रही हैं। अस्पतालों में आने वाले मरीजों के इलाज में गलत पैकेज के इस्तेमाल की शिकायतों की भरमार है। इसके अलावा कम पैकेज का हवाला निजी अस्पतालों में देकर मरीजों से अतिरिक्त पैसे की डिमांड की शिकायतों की भी कमी नहीं है। दूसरी ओर इलाज के बदले शासन द्वारा किए जाने वाले भुगतान पर निजी अस्पतालों द्वारा समय-समय पर उंगलियां उठाई जाती रही हैं। इसे लेकर निजी अस्पतालों द्वारा समय-समय पर योजना के हितग्राहियों का इलाज बंद करने की धमकियां भी दी जाती रही है। आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन साल यानी फरवरी 2023 से फरवरी 2026 के बीच शासन द्वारा पंजीकृत अस्पतालों को 32 लाख 76 हजार मरीजों के इलाज के बदले 7550. 12 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। वहीं पर्याप्त राशि नहीं होने की वजह से 1019.77 करोड़ का भुगतान किया जाना बाकी है। योजना के अंतर्गत शासकीय स्तर के सभी अस्पतालों के साथ राज्य एवं बाहर के मिलाकर करीब एक हजार हास्पिटलों में इलाज की सुविधा दी जा रही है।

## अस्पतालों का अभी भी एक हजार करोड़ से ज्यादा बकाया

### केंद्र का 60 राज्य का 40 फीसदी हिस्सा

स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत हितग्राहियों के उपचार के लिए केंद्र सरकार द्वारा 60 फीसदी राशि दी जाती है वहीं 40 फीसदी हिस्सा राज्य शासन का होता है। शासन द्वारा इसके लिए पिछली बार की तरह इस बार भी 1500 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया है। योजना अंतर्गत बीपीएल राशनकार्ड धारियों को 5 लाख, एपीएल वालों को 50 हजार तथा 70 साल से अधिक उम्र वालों को व्यक्तिगत रूप से सालभर में 5 लाख रुपए तक इलाज की निशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है।



### आयुष्मान योजना एक नजर में

1. राज्य में कुल 2, 46, 33,126 आयुष्मान कार्ड धारक
2. श्रेणी के अनुसार 50 हजार से 5 लाख तक निशुल्क इलाज
3. तमाम शासकीय समेत दो हजार के करीब अस्पताल पंजीकृत

### पैकेज पर उठते रहे सवाल

आयुष्मान योजना के तहत विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए अस्पतालों को जिस राशि का भुगतान किया जाता है उसे वास्तविक स्थिति से काफी कम माना जाता है। निजी अस्पतालों द्वारा इस पैकेज को संशोधित करने के लिए कई बार शासन स्तर पर मांग की जा चुकी है। उनका तर्क है कि आठ साल पुराने पैकेज पर इलाज करना मुश्किल है और इसकी वजह से ही कतिपय अस्पतालों द्वारा गड़बड़ी की जाती है। रिवाइज पैकेज के साथ कुछ नई बीमारी को भी इसमें जोड़ने की जरूरत समझी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### संकटमोचन हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ



रायपुर। बूढ़ेश्वर चौक स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में संध्या आरती के बाद शनिवार रात्रि को सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। पाठ के बाद आरती व महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर महाराज ने बताया कि कलयुग में भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर पार हो सकता है। कार्यक्रम में मानस मंडली के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### केटीयू के प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से की शिष्टाचार भेंट



रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के एलुमनी एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को काठाडीह स्थित विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रोफेसर डॉ. मनोज दयाल से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान एलुमनी एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल ने संघ की वार्षिक प्रतिवेदन-2025 कुलपति को प्रस्तुत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। साथ ही एसोसिएशन के औपचारिक शुभारंभ के संबंध में भी चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय परिसर में एसोसिएशन के कार्यालय के लिए एक कक्ष आवंटित करने तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एलुमनी एसोसिएशन के लिए अनुभाग तैयार किए जाने का अनुरोध करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। मुलाकात करने वालों में डॉ. केएन किशोर, डॉ. बिचित्रानंद पंडा के अलावा अनंत वर्मा, खूबचंद साहू, डॉ. प्रज्ञा गुप्ता और तरण मानिकपुरी शामिल थे।

## निधन

### मंतराम मारकंडे



रायपुर। विधानसभा धरसींवा के ग्राम पंचायत सोंडरा निवासी मंतराम मारकण्डे (54) का 7 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के श्मशानघाट में किया गया। वे सातबाई मारकण्डे के पति एवं रामलाल, बसंतराम और संतराम के छोटे भाई तथा पत्रकार राजकुमार मारकण्डे के चाचा थे।

### गीता माखीजा



रायपुर। सड्डू निवासी गीता माखीजा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 मार्च को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे खेमचंद, राजेश व दीपक ऐशानी की बहन थीं।

## फौवारा सालों से बंद, इमली, नीम, सागौन और बरगद के पुराने पेड़ पौधे सुरक्षित

# 19 एकड़ में फैला ऑक्सीजोन बदहाल, जिम के इक्वीपमेंट पर कहीं पत्थर रखा, कहीं चकरी टूटी

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के कलेक्टोरेट के पीछे ईएससी कालोनी की 19 एकड़ जमीन पर वायु गुणवत्ता में सुधार करने और प्राकृतिक वातावरण के बीच लोगों को धूल रहित वातावरण में शुद्ध और ताजी हवा उपलब्ध कराने वन विकास निगम ने आक्सीजोन विकसित किया। परिसर में इमली, नीम, सागौन, बरगद, पीपल के पुराने पेड़-पौधों को सहजते हुए वहां 4 हजार पौधे लगाए गए, ताकि पर्यावरण संरक्षित रहे। यही नहीं, एक अलग से औषधि वाटिका भी तैयार की गई। वन विकास निगम ने साल 2020 इसे रायपुर नगर निगम को हैंडओवर किया, पर नगर निगम बड़े क्षेत्र में फैले आक्सीजोन को संभालने में हांफ गया है। यही वजह है, इसकी देखरेख में उदासीनता बरतने से आक्सीजोन की सुंदरता पर ग्रहण लगने लगा है। हालांकि नगर निगम ने सीमित संसाधन में आक्सीजोन परिसर की सफाई कार्य के लिए 25 कर्मचारियों की उपलब्धता कराने टेंडर कर एजेंसी तय कर दी है, पर पेड़-पौधों और हरे-भरे घास की देखरेख सिंचाई की ओर ध्यान नहीं देने से पौधे सूखने लगे हैं। वहां लगाया गया फौवारा सालों से बंद पड़ा है। पोखर की सफाई नहीं कराने से वहां गंदगी फैली है।

दरअसल, रायपुर स्मार्ट सिटी में मेट्रो सिटी की तर्ज पर वन विकास निगम द्वारा ईएसी कालोनी की जमीन पर दो फेज में आक्सीजोन विकसित किया। 13 करोड़ रुपए इस प्रोजेक्ट पर खर्च हुए। जिसमें पाथवे, नए स्ट्रीट पोल, लैंडस्केपिंग, बोरवेल की व्यवस्था, आक्सीजोन के मध्य स्थित बरसों पुराने पोखर को झीलनुमा आकार देकर दर्शनीय बनाने सहित अन्य कार्य कराए गए। मकसद ये रहा कि शहरवासी वहां इत्मीनान से परिवार के साथ बैठकर सुकून के पल गुजार सके। आक्सीजोन में सुंदर फौवारा भी लगाया गया, पर पोखरनुमा झील की सफाई नहीं होने और फौवारा खराब होने के बाद इसे सुधारा नही गया। परिसर में लगाए गए पेड़ पौधे देखरेख नहीं होने से सूख रहे हैं। आगंतुकों के विश्राम के लिए बांस की खपच्ची से बनाया गया पैगोडा जगह-जगह से टूटने लगा है।





### टूटने लगे झूले, जिम के इक्वीपमेंट होने लगे खराब

आक्सीजोन को एक सुंदर स्पॉट के रूप में विकसित करने और लोगों की सेहतमंदी के लिए ओपन जिम की सुविधा दी गई।,बच्चों के लिए आकर्षक झूले लगाए गए। बांस के खपच्ची से बैठने के लिए बनाए गए पैगोडा आकर्षण का केन्द्र रहे। पर जिम इक्वीपमेंट सहित बच्चों के लिए लगाए गए झूलों के मेंटनेंस पर ध्यान नहीं देने से ओपन जिम में लगाए गए उपकरण खराब होने लगे हैं। एक्सरसाइज मशीन खराब पड़ी है, उसके दोनों हिस्सों में बड़ा सा पत्थर रख दिया गया है। चकरी वाली पैडल मशीन के एक हिस्से का पैडल टूटकर अलग हो गया है, सिर्फ दूसरे हिस्से का पैडल लगा है जो किसी का काम का नहीं रहा। नगर निगम इन मशीनों के संधारण के लिए एजेंसी तय करने में ध्यान नहीं दे रही।

### सेल्फी पाइंट आकर्षण का केन्द्र

आक्सीजोन में रोजाना सुबह-शाम लोग मार्निंग व इवनिंग वॉक के लिए पहुंचते हैं, पेड़ पौधों के बीच खुली जगह में परिवार के साथ आने-वाले यहां के सेल्फी पाइंट पर जाकर वहां बिताए पल को सुरक्षित रखना चाहते हैं। बच्चों के साथ बुजुर्गों की टोली भी आक्सीजोन परिसर में नियमित रूप से आती है। परिसर के समुचित देखरेख की मांग एक अरसे से लोग कर रहे हैं।

### आक्सीजोन पर दिया जाएगा ध्यान

शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित आक्सीजोन की देखरेख पर नगर निगम ध्यान देगा इसकी सफाई व्यवस्था के लिए टेंडर कर एजेंसी तय की जा रही है। पेड़-पौधों में सिंचाई और लगाए गए पौधों की कटाई -छटाई भी समय-समय पर कराई जाएगी। महापौर मीनल चौबे के दिशा -निर्देश पर इसकी प्लानिंग की जाएगी।

*- भोलाराम साहू, अध्यक्ष*
*पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग, नगर निगम रायपुर*

# कानून व्यवस्था की बदहाली पर कांग्रेस ने गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- गंज थाने में किया प्रदर्शन, पुलिस बल बढ़ाने की मांग उठाई

शहर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गंज थाना के समक्ष प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता गंज थाना से 400 मीटर के दूरी अंतर्गत युवक राजा साहू की हत्या की घटना के विरोध में प्रदर्शन के दौरान गृहमंत्री विजय शर्मा से इस्तीफे की मांग की। जिन्होंने 2 साल से ज्यादा समय के अपने कार्यकाल में रायपुर की बदहाल कानून व्यवस्था को लेकर एक भी शासकीय बैठक अभी तक आयोजित नहीं किया। यह रायपुर राजधानी के प्रति उनके उदासीन रवैया को साफ दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि रायपुर मे पिछले 2 साल में चाकूबाजी, बलात्कार, मर्डर, लूटपाट, की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने पुलिस पेट्रोलिंग को बढ़ाने अवैध शराब, सट्टा, सूखे नशे के बढ़ते कारोबार के लिए भाजपा नेताओं के संरक्षण को कारण बताया है। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने थानों में स्टाफ बढ़ाने, सड़कों पर गश्त बढ़ाने तथा अतिरिक्त चौकी चुनाभट्ठी में खोलने की मांग की है। रायपुर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने पुलिस प्रशासन पर अपराधियों को संरक्षण देने एवं भाजपा नेताओं के संरक्षण में कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है।



### ये थे मौजूद

प्रदर्शन में प्रमोद दुबे, पंकज शर्मा, प्रशांत ठेंगडी, दिनेश ठाकुर, जसबीर सिंग ढिल्लन, देवेन्द्र यादव, राहुल इंदूरिया, आकाश तिवारी, सोमेन चटर्जी, वेंकट कुमार, कमल धृतलहरे, मिलिंद गौतम, हिरेन्द्र देवांगन, जी श्रीनिवास, राज देवांगन, गौरीशंकर पाण्डे सुजीत सिंग, दीपक चौबे, नीरज तिवारी, मोसिन खान, पुष्पेंद्र उईके, ललित शोभा, राहुल बागबाहरा, मुन्ना सोलंकी, शेख अनीश गावेश साहू जीत्तु भारती बोगरु सिन्हा सुषमा यादव मीना बाई रवि शर्मा ईश्वर चक्रधारी नंदकुमार पटेल भरत कोटा प्रवेश लालवानी महादेव मांझी डुमेन्द्र दीप बजरंग लाड़ी नवीन कुमार सतीश साहू राजेन्द्र साहू अजीत सुरेश बुधवानी संदीप तिवारी, अमित शर्मा रोहित महादेव अग्रवाल ताराचांद यादव शत्रुहन पटेल सहित कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गंज थाना घेराव कार्यक्रम में भाग लिया।

## कार्तिकेय को मिली पीएचडी की उपाधि

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के गणित विभाग के शोधार्थी कार्तिकेय पांडेय ने सफलतापूर्वक अपना पीएचडी की मौखिक परीक्षा पूर्ण कर ली, जिसके बाद उन्हें आधिकारिक रूप से डॉ. कार्तिकेय पांडेय घोषित किया गया। उनका शोधकार्य "इमेज एनक्रिप्शन" विषय पर आधारित है, जिसमें डिजिटल इमेज की सुरक्षा के लिए आधुनिक क्रिप्टोग्राफी तकनीकों और नए एल्गोरिद्म का अध्ययन किया गया है। इस वाइवा परीक्षा में मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल के प्रतिष्ठित प्रोफेसर डॉ. केआर परदसानी ने उपस्थित होकर शोधकार्य का मूल्यांकन किया और सफल वाइवा के बाद कार्तिकेय पांडेय को "डॉ. कार्तिकेय पांडेय" घोषित किया। इस अवसर पर गणित विभाग की शोध निर्देशक डॉ. दीपमाला शर्मा, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुजीत कुमार सामंता, प्रोफेसर डॉ. अरविंद सिन्हा सहित गणित विभाग के अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

बिजनेस साइट

## मौली एनर्जी पॉइंट पेट्रोल पंप का भव्य शुभारंभ



रायपुर। शहर के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र पुरानी धमतरी रोड, बोरियाखुर्द–कांदुल रोड स्थित अर्जुन विहार में मौली एनर्जी पॉइंट पेट्रोल पंप का भव्य शुभारंभ किया गया। इस पेट्रोल पंप का उद्घाटन रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। यह प्रतिष्ठान रायपुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक-67 भक्त माता कर्मा वार्ड की पार्षद ममता सोनू तिवारी एवं उनके पति युवा उद्यमी सोनू तिवारी द्वारा प्रारंभ किया गया है। इस अवसर पर सोनू तिवारी ने बताया कि बोरियाखुर्द–कांदुल रोड और कमल विहार का संगम स्थल होने के कारण यह क्षेत्र अत्यंत व्यस्त माना जाता है। यह मार्ग धमतरी, अभनपुर, पाटन, जगदलपुर, कांकेर और नया रायपुर से आने-जाने वाले लोगों को रायपुर शहर से जोड़ता है। साथ ही यह स्थान भारतमाला परियोजना के भी निकट स्थित है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नए आवासीय प्रोजेक्ट और व्यापारिक प्रतिष्ठानों की संख्या को देखते हुए यहां एक आधुनिक और व्यवस्थित पेट्रोल पंप की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मौली एनर्जी पॉइंट की स्थापना की गई है। पेट्रोल पंप में ग्राहकों की सुविधा के लिए 24 घंटे मुफ्त हवा, स्वच्छ पेयजल और साफ-सुथरे शौचालय की व्यवस्था की गई है।

## खमतराई, गोगांव, भनपुरी जनता कालोनी में स्कूलों के पास पान दुकानों से गुटखा




रायपुर। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर रायपुर नगर निगम मुख्यालय उड़नदस्ता और नगर निगम जोन 1 की नगर निवेश टीम ने शनिवार को शिक्षण संस्थाओं के आसपास संचालित पान दुकानों का औचक निरीक्षण किया। खमतराई, भनपुरी, गोगांव, जनता कालोनी क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद स्कूल, शंकराचार्य स्कूल गोगांव , पंडित काशीराम शर्मा स्कूल भनपुरी, खमतराई स्कूल और गोगांव स्कूल के आसपास संचालित दुकानों से विक्रय के लिए रखे गए गुटका, तंबाकू, सिगरेट, पान मसाला के कई पाउच को स्थल पर जब्त कर कोटपा एक्ट के प्रावधान अनुसार कार्यवाही की गई। जोन 1 कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के मार्गदर्शन और कार्यपालन अभियंता द्रोणी कुमार पैकरा, सहायक अभियंता शरद देशमुख सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में यह अभियान चलाया गया।

## गर्भवती महिला से मारपीट, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के भाठागांव इलाके में कुत्ता को भगा देने की बात पर एक महिला ने एक गर्भवती महिला से मारपीट कर दी। इसकी शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी महिला के विरुद्ध केस दर्ज किया है। सूत्रों से पता चला कि जिस महिला ने मारपीट की है, वह डॉग रेस्क्यू संस्था से जुड़ी हुई है, जिसकी आड़ में वह लोगों से उलझती भी रहती है। बताया जा रहा है कि इससे पूर्व भी कुत्तों की बात को लेकर वह अन्य लोगों से वाद-विवाद कर चुकी है। पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया गुरप्रीत कौर गिल नेहरू नगर भिलाई की रहने वाली है। 27 फरवरी को दोपहर करीब डेढ़ बजे भाठागांव स्थित कृष्णा होटल के बाहर किरण आहूजा ने अपने अन्य कुछ साथियों के साथ मिलकर गुरप्रीत पर आरोप लगाया कि उसने उसके पालतू कुत्ता को भगा दिया है। इस बात पर किरण ने गुरप्रीत से विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट करते हुए धमकाया, जिसका विडियो भी सामने आया है। इस विडियो के आधार तथा गुरप्रीत की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले में किरण के विरुद्ध बीएनएसः 296, 115-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। इस मामले में शामिल घनश्याम आहूजा सहित अन्य अभी फरार हैं।

# रायपुर से चोरी हुआ ट्रक सारंगढ़ जिले से बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर से चोरी हुए एक ट्रक को पुलिस ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सलिहा क्षेत्र से बरामद किया है। पुलिस ने ट्रक चोरी करने वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पहले भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। इनमें एक आरोपी जब नाबालिग था, उस समय भी चोरी की वारदात में गिरफ्तार हो चुका है, जिसके लिए उसे माना संप्रेषण गृह भेजा गया था।

न्यू राजेंद्रनगर थाना प्रभारी ने बताया कि प्रार्थिया मीना निर्मलकर निवासी अमलीडीह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका टाटा कंपनी का 12 चक्का ट्रक उसका पति विरेंद्र चलाता है। होली त्योहार के कारण विरेंद्र ने 2 मार्च को ट्रक को काली माता मंदिर के पास मेन रोड न्यू राजेन्द्र नगर में खड़ा किया था, जिसे कोई चोरी कर ले गया। इसकी जानकारी उन्हें 6 मार्च को तड़के 4 बजे हुई, जब वह ट्रक लेने मौके पर पहुंचा था। इस घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच करते हुए सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें ट्रक को चोरी कर ले जाते दो युवकों के फूटेज मिले। इस फूटेज के आधार पर पुलिस ने ट्रक को जिस रास्ते से ले जाया गया, उसके अनुसार संबंधित जिला पुलिस से संपर्क कर जानकारी दी। इस बीच रायपुर पुलिस को सारंगढ़ जिले के सलिहा पुलिस से सूचना मिली कि ट्रक को उसके क्षेत्र में देखा गया है, जिसके बाद पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया। चोरी हुए 12 चक्का ट्रक की कीमत 16 लाख रुपए है।



### सूचना मिलने के 4 घंटे के भीतर पकड़े गए आरोपी

पुलिस ने ट्रक चोरी की सूचना मिलने के चार घंटे के भीतर ट्रक को ढूंढकर उसे चोरी करने वाले आरोपियों रितेश दास उर्फ माइकल 26 वर्ष एवं बजरंगी परिहार 19 वर्ष को गिरफ्तार किया। दोनों शहीद राजीव पांडेय न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर के निवासी हैं। पूछताछ में दोनों ने अपना गुनाह कबूल किया। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि आरोपियों में बजरंग पूर्व में भी चोरी के प्रकरण में माना संप्रेषण गृह में निरुद्ध रहा है।

## एक दौड़ साईं झूलेलाल के नाम आज

रायपुर। चेट्रीचंड्र पर्व के उपलक्ष्य में 8 मार्च को एक दौड़ साईं झूलेलाल के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। दौड़ रविवार सुबह 6.30 बजे शुरू होगी। यह दौड़ तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव से नगर घड़ी चौक तक, फिर वापस मरीन ड्राइव आकर समाप्त होगी। दौड़ प्रतियोगिता में शामिल होने 600 प्रतिभागी महिलाएं मरीन ड्राइव पर सुबह 6 बजे तक पहुंचेगी। पूज्य छग सिंधी महापंचायत के प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी ने बताया कि महापंचायत की ओर से सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट व कैप दी गई है। इस वर्ष सर्वप्रथम सारथी ग्रुप द्वारा आरती की जाएगी।। फिर आंचल गेलानी (तिल्दा) द्वारा दौड़ के पहले महिलाओं को सिंधी गीतों पर जुम्बा नृत्य कराया जाएगा। कार्यक्रम में प्रवक्ता दिनेश आनंद, भावना कुकरेजा, राशि बलवानी, हर्षा मोटवानी, दीपिका जेठवानी समेत अन्य समाजजन शामिल होंगे।

## अवैध फ्लैक्स हटाकर संबंधित व्यक्तियों पर जुर्माना लगाने की मांग

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने रायपुर नगर निगम की कार्यप्रणाली और सत्ताधारी दल की दोहरी मानसिकता पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर के अति-महत्वपूर्ण 'जीई रोड से दीनदयाल उपाध्याय नगर' मार्ग, जहां स्वयं महापौर मीनल चौबे का निवास स्थित है, उसे प्रशासन ने 'नो फ्लैक्स जोन' घोषित कर रखा है। बावजूद इसके इस पूरे क्षेत्र में सत्तापक्ष के नेताओं और महापौर के समर्थकों के अवैध फ्लैक्स व होर्डिंग्स की बाढ़ आई हुई है। श्री ठाकुर ने नगर निगम आयुक्त से मांग की है कि आगामी 24 घंटों के भीतर इन सभी अवैध फ्लैक्स को हटाकर संबंधित व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया जाए। यदि प्रशासन पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए कार्रवाई नहीं करता है तो कांग्रेस पार्टी जनहित में आंदोलन को बाध्य होगी।

### ट्रक को ओवरटेक ...

की तरफ दबा दिया, जिससे एंबुलेंस अनियंत्रित होकर नाले में जा पलटी। इससे एंबुलेंस का सामने और साइड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय एंबुलेंस में ड्राइवर के अलावा एक हेल्पर एवं मेडिकल स्टॉफ भी था, जो बाल-बाल बच गए।

### निसदा की सभी ....

नदी के किनारे पटने से उसकी चौड़ाई भी कम होती जा रही थी। हरिभूमि ने लाइव रिपोर्टिंग कर इसकी प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। इस खबर के बाद हाईकोर्ट ने भी इसे अपने संज्ञान में लिया था, वहीं अब इस मामले में जिला प्रशासन ने सभी खदानों का ठेका अनुबंध को निरस्त कर दिया है।

***सैकड़ों पेड़-पौधे भी वेस्ट पत्थरों के नीचे दबकर नष्ट हो चुके*** : इन खदानों से निकलने वाले वेस्ट पत्थरों के कारण नदी और खदानों के आसपास लगे हरे-भरे सैकड़ों पेड़-पौधे भी नष्ट हो चुके हैं। इससे इस क्षेत्र के साथ नदी के किनारे की हरियाली खत्म हो चुकी है।

***बंद करने के आदेश के बाद भी खनन जारी रहा*** : प्रशासन ने ठेका निरस्त करने से पूर्व इन सभी खदानों को बंद करने का आदेश जारी किया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए पट्टेदारों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी, जिस पर हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए थे कि 30 दिनों के भीतर इस मामले में पुनः जांच कराकर निर्णय स्वयं निर्णय ले। हाईकोर्ट के इस निर्देश के बाद भी निर्धारित समय में इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई निर्णय नहीं लिया जा सका, जिसका फायदा कुछ पट्टेदारों ने उठाया और खदानों में अवैध रूप से करीब दो महीने तक उत्खनन जारी रखा।

***होली के बाद से खनन बंद*** : होली त्यौहार के समय से इन खदानों में उत्खनन बंद हैं। अब इस मामले में प्रशासन ने सातों खदानों का ठेका ही निरस्त कर दिया है। इस तरह इसके बाद भी अगर यहां उत्खनन हुआ तो खनिज विभाग अब यहां सख्त कार्रवाई करेगा।

***खनिज विभाग दो बार पर्यावरण विभाग को लिख चुका है पत्र*** : खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि महानदी को वेस्ट पत्थरों से पाटे जाने और पेड़ों को क्षति पहुंचाने संबंधी मामले में उचित जांच कर कार्रवाई करने के लिए पर्यावरण विभाग को दो बार पत्र लिख चुका है। इसके बाद भी इस मामले में अब तक उनके द्वारा कोई भी जांच या कार्रवाई नहीं की जा रही है।

पेज 11 के शेष ...

### पट्टेदारों के विरुद्ध ....

नंबर की जमीन निर्धारित रकबा हेक्टेयर में खनन किया जाना था, उससे कहीं ज्यादा हेक्टेयर में उत्खनन कर दिया है। जांच के बाद विभाग ने सातों खदानों के पट्टेदारों के विरुद्ध प्रकरण बनाया है। इस प्रकरण के अनुसार सभी पट्टेदारों पर कुल 30 करोड़ 34 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। विभाग ने इस मामले में जिला न्यायालय में केस भी दर्ज कराया है, जिस पर सुनवाई और फैसला आना है।

### अवैध प्लाटिंग पर ....

ताकि वहां आवाजाही और निर्माण कार्य पूरी तरह बाधित हो सके। इस अभियान के दौरान नगर निगम जोन 8 के उप अभियंता अबरार खान सहित नगर निवेशके अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


सुमीत बाजार
Women's Day
Celebration Offer
8th to 12th
MARCH 2026
Happy Women's Day
महिला दिवस का
खास तोहफ़ा
NAUTICA
24" प्रीमियम ट्रैवल सूटकेस
MRP.
₹11,999/- ₹1999/-
NAUTICA
प्रीमियम क्वालिटी ट्रैवल कोम्बो
4 पीस सेट
MRP.
₹9999/- ₹1699/-
GIORDANO
कॉलेज एवं ऑफिस उपयोगी बैगपैक
MRP.
₹2499/- ₹399/-
LAWMAN Pg3
किंग साईज डबल बेडशीट सेट
MRP.
₹1899/- ₹499/-
DREAMLINE essentials
MICROFIBER DISH DRYING MAT
ड्रीमलाईन माइक्रो फाईबर डिशमैट
MRP.
₹159/- ₹9/-
यह ऑफर ₹699 की खरीदी पर है
ऑफर स्टॉक रहने तक
ऑफर में दिखाये गये चित्र मात्र सांकेतिक है
नियम व शर्तें लागू.
रायपुर : बैजनाथ पारा • सिटी सेंटर मॉल के बाजू, पंडरी • 139-140 टैक्सटाईल मार्केट, पंडरी
न्यू राजेन्द्र नगर • मेन रोड, लाखेनगर • मंगल बाजार, गुढ़ियारी

हरिभूमि
रायपुर, रविवार 8 मार्च 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

ढोल-नगाड़े की थाप पर सजाया पारंपरिक...


# Ashoka advanced IVF & Superspeciality Hospital

(A Unit of अशोका सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च प्रा. लिमिटेड)

Ashoka Super Speciality Hospital

## AI तकनीक के साथ अब IVF और भी सटीक



### आईवीएफ और एआई: सफलता की ओर एक नया कदम

अब इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (IVF) में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है। IVF की सफलता काफी हद तक सही एम्ब्रियो के चयन पर निर्भर करती है, जिसे गर्भाशय में ट्रांसफर या क्रायोप्रिज़र्वेशन के लिए चुना जाता है। AI एम्ब्रियो सेलेक्शन तकनीक की मदद से एम्ब्रायोलॉजिस्ट सबसे बेहतर और संभावनाशील एम्ब्रियो का चयन कर पाते हैं। पहले यह प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय स्कोरिंग मानकों के आधार पर मैन्युअली की जाती थी, लेकिन अब यह कार्य उन्नत AI तकनीक द्वारा अधिक सटीकता से किया जाता है। इस प्रक्रिया में AI एम्ब्रियो की गहन इमेज तैयार कर उसके गुणों का विश्लेषण करता है और एक AI स्कोर प्रदान करता है। इसी स्कोर के आधार पर IVF प्रक्रिया के लिए सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले एम्ब्रियो का चयन किया जाता है। AI आधारित एम्ब्रियो सेलेक्शन एक अत्याधुनिक तकनीक है, जो एम्ब्रियो की गुणवत्ता और जटिल पैटर्न को पहचानने में सक्षम है—ऐसा विश्लेषण केवल मानव आंखों से संभव नहीं होता।

#### किन परिस्थितियों में AI एम्ब्रियो सेलेक्शन उपयोगी है?

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित एम्ब्रियो सेलेक्शन निम्न स्थितियों में विशेष रूप से उपयोगी है:

- ऐसे मरीज जिनके पिछले IVF साइकिल सफल नहीं रहे हों।
- जो मरीज वर्तमान में IVF उपचार करा रहे हों।
- जिन मरीजों के पास ट्रांसफर के लिए एक से अधिक एम्ब्रियो उपलब्ध हों।
- जो मरीज भविष्य में उपयोग के लिए एम्ब्रियो फ्रीज़ (क्रायोप्रिज़र्वेशन) करवा रहे हों।
- ऐसे मरीज जिन्हें IVF के दौरान इम्प्लांटेशन फेलियर का अनुभव हुआ हो।

#### AI-एन्हांस्ड एम्ब्रियो सेलेक्शन के लाभ

AI आधारित एम्ब्रियो सेलेक्शन मरीजों के लिए कई महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है:

- उपलब्ध विकल्पों में से सबसे स्वस्थ और सक्षम एम्ब्रियो के चयन में मदद करता है।
- सफल गर्भधारण के लिए IVF साइकिल की संख्या कम करने में सहायक होता है।
- IVF की सफलता दर को बढ़ाने में मदद करता है।
- IVF फेलियर और इम्प्लांटेशन फेल होने की संभावना को कम करता है।
- महिलाओं को जल्दी गर्भधारण करने में सहायता करता है।
- यदि केवल एक एम्ब्रियो उपलब्ध हो, तो AI उसकी गुणवत्ता का आकलन कर संभावित परिणामों का अनुमान लगाने में मदद करता है।

## अशोका सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल के तत्वाधान में उन्नत आई.वी.एफ. एवं स्त्री रोग समाधान



EXPERIENCE 35 YEARS EXPERIENCE

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर निःशुल्क परामर्श शिविर

08 मार्च से 15 मार्च 2026 | सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

### सर्वप्रथम निःसंतान दंपत्ति केवल जांच करवाएं, दवाईयों से ईलाज संभव

- अण्डाशय में गांठ (PCOD)
- कम एएमएच (अंडों में खराबी)
- माहवारी में अनियमितता व मासिक धर्म बंद होना
- बंद ट्यूब एवं बार-बार गर्भपात होना
- पुरुषों में शुक्राणु का कम व निल होना
- बार-बार आई.यू.आई. (IUI) व आई.वी. एफ. (IVF) का सफल न होना
- सभी रिपोर्ट सही होने पर भी संतान न होना
- बच्चेदानी में गांठ (fibroids) / Polyp / Septum

## लैप्रोस्कोपिक एवं हिस्ट्रोस्कोपिक सर्जरी यूनिट

- बच्चेदानी में गाँठ (FIBROID)
- बच्चेदानी में दीवार (SEPTUM)
- ओवरी सिस्ट (OVARIAN CYST)
- चॉकलेट सिस्ट (ENDOMETRIOSIS)
- अंडो का न बनना व समय पर न फूटना (Polycystic Ovarian Disease - PCOD)
- फिलोपियन ट्यूब में पानी भर जाना
- बंद फिलोपियन ट्यूब खोलना
- बाँझपन का निदान
- बच्चेदानी की टी.बी.
- बार-बार गर्भपात होना
- बच्चेदानी में मस्सा

## स्त्री एवं पुरुष बाँझपन का संपूर्ण जॉच व ईलाज

### विदेशों से आयातित नई-नई तकनीक व उपकरणों द्वारा

- आई. यू.आई (IUI)
- आई.वी.एफ. (IVF)
- इक्सी (ICSI)
- इम्सी (IMSI)
- ब्लास्टोसिस्ट (BLASTOCYST) लेज़र असिस्टेड हेचिंग, टाइम लैप्स सिस्टम, PGT-A आदि।



### FACILITIES AVAILABLE :

आई.यू.आई. (IUI) • आई.वी.एफ. (IVF) • इक्सी (ICSI) • इम्सी (IMSI) Assisted Laser Hatching • ब्लास्टोसिस्ट • टाईम लेप्स सिस्टम (क्लोज्ड कल्चर सिस्टम) • PGT-A • स्त्री रोग, लेप्रोस्कोपिक व (हिस्ट्रोस्कोपी सर्जरी) • High Risk Pregnancy & Delivery

### UROGYNECOLOGY :

महिलाओं में मूत्र रोग संबंधित समस्त प्रकार की जांच, ईलाज व ऑपरेशन




**Centre of Excellence for Fertility | Laparoscopy**
**High Risk Pregnancy | Gynecology & Urology**

LOW COST IUI/IVF की सुविधा उपलब्ध
लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज-2003,2004
एडवांस व नई-नई तकनीक के साथ अनुभवी विशेषज्ञों के द्वारा ईलाज, अब तक हजारों निःसंतान दंपत्ति संतान प्राप्त कर चुके हैं।

गली नं. 1, अशोक विहार कॉलोनी, मंडी गेट के सामने, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) 492 004
मो.: 94255-03700, 96301-96021, फोन- 0771 2425739, 4054816
ई-मेल : drasuresh@gmail.com, वेबसाईट : www.ashokaivf.com

अधिक जानकारी के एवं निःशुल्क परामर्श हेतु संपर्क करें...
94255 03700
96301 96021

या QR कोड स्कैन करें

# ढोल-नगाड़े की थाप पर सजाया पारंपरिक फागोत्सव

## होली मिलन और रंगपंचमी पर उड़ाया रंग-गुलाल

*'ढोल-नगाड़े की थाप पर शहर में फागोत्सव और रंगपंचमी की धूम रही। कई सामाजिक संस्थाओं समेत जनप्रतिनिधियों ने भी शनिवार को गरिमामयी आयोजन के माध्यम से लोगों को पारंपरिक उत्सव का हिस्सा बनने का अवसर दिया। इसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित सांसद बृजमोहन अग्रवाल और आयोजक पश्चिम के विधायक राजेश मूणत भी शामिल हुए। एक तरफ जहां रंग-गुलाल उड़ाते हुए लोग उत्साहित नजर आए, वहीं संगीत कॉलेज में सुर-ताल से उत्सव को यादगार बनाने का प्रयास किया गया। कई संस्थाओं ने भी परंपराओं का निर्वहन करने के लिए आयोजन किए।'*




### छत्तीसगढ़ी फाग और लोकगीतों पर झूमे लोग

आयोजक श्री मूणत ने कहा कि होली और रंगपंचमी उत्सव समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द्र को बढ़ाने का संदेश देते हैं। इस प्रकार के होली मिलन समारोह लोगों को एक मंच पर लाने के साथ सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। श्री मूणत ने आमजनों, कार्यकर्ताओं और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को होली और रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं। इसमें ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे प्रमुख रूप से शामिल हुईं। वहीं प्रसिद्ध लोकगायिका अलका चंद्राकर ने प्रस्तुति से समां बांधा। उनके द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी फाग और लोकगीतों पर उपस्थित लोग झूम उठे और उत्सव का माहौल बना।

**रायपुर।** रंगपंचमी के अवसर पर रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत द्वारा शनिवार को अश्वनी नगर सोनकर बाड़ी में आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। आयोजन स्थल पर दोपहर से लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। शाम होने से पहले परिसर रंगों और उल्लास के माहौल से सराबोर नजर आया। जहां पारंपरिक फाग गीतों, ढोल-नगाड़ों और गुलाल के बीच लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली और रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की मौजूदगी ने उत्सव को जीवंत किया। वहीं सीएम श्री साय ने लोगों को होली और रंगपंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है, जो समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। ऐसे सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।





### कवियों ने होली मिलन में संजोईं रंगों की फुहार

नव छत्तीसगढ़ साहित्य संस्कृतिक संस्थान के होली मिलन में उत्साह का माहौल रहा। होली के रंगों से रंगी कविताओं की फुहार ने लोगों को पर्व का एहसास दिया। अवसर था नव छत्तीसगढ़ साहित्य सांस्कृतिक संस्थान द्वारा साहित्य सदन चौबे कॉलोनी में आयोजित होली मिलन और काव्य गोष्ठी का। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व अतिरिक्त संचालक शिक्षा/ विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार शुक्ला, अध्यक्ष प्रख्यात लेखक, कवि, चिंतक संजीव कुमार ठाकुर, विशिष्ट अतिथि पूर्व संयुक्त कलेक्टर अशोक तिवारी और चंद्रकांत पांडे शामिल हुए। मंच संचालन कवयित्री माहेश्वरी पांडे और शशांक खरे ने किया। कवियों ने अपनी कविताओं को सुनाते हुए काव्य गोष्ठी को रंगारंग बना दिया। मोहम्मद हुसैन, कवयित्री पूर्वा श्रीवास्तव, किरण पांडे, विवेक राहटगांवकर ने कविता पाठ किया।




### धमार आधारित होली संगीत सभा में विद्यार्थियों ने जमाया रंग



*कमला देवी संगीत महाविद्यालय में गायन विभाग द्वारा आयोजित धमार आधारित विशेष होली संगीत समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इसमें बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट एवं मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट के विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत की पारंपरिक धमार शैली में रागों की प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने राग देश में धमार "होली खेलत नंदलाल, गोपी ग्वालन के संग, अबीर गुलाल केसर, रंग पिचकारी मारत खेलत अति ही उमंग" की प्रस्तुति से श्रोताओं को होली के रस में सराबोर किया। इसके बाद रचना पर लयकारी एवं उपज का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने सिद्ध किया कि भारतीय शास्त्रीय संगीत की परंपरा में होली उत्सव के सौंदर्य को स्वरों से सजाया जा सकता है। हारमोनियम पर डॉ. दीपक बेड़ेकर और तबले पर हरि पटेल ने संगत की।*






# महिला क्रिकेट में शानदार मुकाबले

**भिलाई।** प्रतिभा -11 सेक्टर 5 महिला क्रिकेट क्लब की ओर से दो दिवसीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता ( द्वितीय वर्ष) के अंतर्गत पहले दिन शनिवार को शानदार मुकाबले हुए । बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में प्रतियोगिता में कुल 6 महिला क्रिकेट क्लब भाग ले रही हैं। जिन्हें दो पूल में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त रजनी रजक और विशेष अतिथि डॉक्टर श्रुतिका यादव थे।

पहला मैच रौनक 11 एवं प्रतिभा 11 सेक्टर 5 के मध्य खेला गया। जिसमें प्रतिभा 11 ने 10 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच पद्मा पाटील थी। दूसरा मैच गोल्ड क्लब सेक्टर 10 एवं खुर्सीपार क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें खुर्सीपार क्रिकेट क्लब ने 10 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच एन माधवी थी। तीसरा मैच नित्या 11 सेक्टर -7 एवं गोल्ड क्लब सेक्टर 10 के मध्य खेला गया। जिसमें नित्या 11 ने 10 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच श्रीमती पेमीन थी। चौथा मैच रौनक 11 एवं डीपीएस टीचर्स के मध्य खेला गया। जिसमें रौनक 11 ने 71 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच डालिया, पांचवा मैच खुर्सीपार 11 एवं नित्या 11 सेक्टर 7 के मध्य खेला गया। परिणाम नित्या 11 सेक्टर 7 ने 18 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच रुचिता रही। छठवा एवं अंतिम मैच डीपीएस टीचर्स एवं प्रतिभा 11 सेक्टर 5 के मध्य खेला गया। प्रतिभा 11 सेक्टर 5 ने 10 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच किरण साहू रहीं। इन मैचो के अंपायर सपन काकडे एवं हेमंत ठाकुर थे। स्कोरर विनोद देवघरे एवं पीयूष मिश्रा, कमेंटेटर अभय मोहरील एवं पिच क्यूरेटर आजाद अहमद खान थे। उल्लेखनीय है कि यह दो दिवसीय प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है।







## एलिट ग्रुप के मुकाबले जारी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप चार दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे राउंड के पहले दिन रोमांचक मुकाबले हुए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में प्लेट कंबाइंड के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए बीएसपी टीम पहली पारी में 243 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड ने पहली पारी में 5 विकेट पर 121 रन बनाए। आरडीसीए रायपुर में हुए मैच में राजनांदगांव के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) पहली पारी में 214 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में राजनांदगांव ने पहली पारी में 6 विकेट पर 93 रन बनाए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 10 में टीम रायपुर ब्लू के विरुद्ध जांजगीर चांपा ने बल्लेबाजी की और पहली पारी में 191 रन पर आउट हो गई। न्यू ग्राउंड कांकेर में रायपुर के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर ब्लू पहली पारी में 119 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी रायपुर पहली पारी एक विकेट पर 81 रन बनाए।
























## सिटी लाइव

# महिलाओं को गर्भाशय फाइब्रॉइड के प्रति सजग करने संवाद की पहल



**रायपुर।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर जरौदा विकासखंड धरसींवा में ग्राम जरौदा एवं आसपास की ग्रामीण महिलाओं के लिए महिलाओं के द्वारा की तर्ज पर गर्भाशय फाइब्रॉइड विषय पर जागरूकता के साथ स्वास्थ्य शिविर और व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। इसमें वर्तमान परिवेश में ग्रामीण महिलाओं में समान्यतः होने वाले गर्भाशय संबंधी समस्याओं, उम्र के साथ शारीरिक और मानसिक बदलाव, गर्भाशय कैंसर, स्तन कैंसर से संबंधित शिकायत के प्रति सजग करने का प्रयास किया। महिलाओं के व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन किया गया। इसमें मार्गदर्शक और मुख्य वक्ता के रूप में जिला आयुष अधिकारी डॉ. स्वाति रावत और अतिथि वक्ता के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नम्रता सिरमौर ने महिलाओं में होने वाली विभिन्न समस्याओं के संबंध में जानकारी प्रदान की।

### चिकित्सा परामर्श लेने किया प्रोत्साहित

डॉ. स्वाति रावत ने बीमारी के कारण, लक्षण की जानकारी प्रदान करते हुए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में इलाज, बचाव, दिनचर्या, आहार -विहार को लेकर महिलाओं से संवाद किया। वहीं डॉ. नम्रता सिरमौर ने सरल भाषा में अंतर समझाते हुए बीमारी की पहचान एवं लक्षणों के संदर्भ में जानकारी देते हुए किसी प्रकार की समस्या होने पर चिकित्सा परामर्श लेने के लिए प्रोत्साहित किया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पदस्थ महिला चिकित्सक डॉ. हेमकुमारी राठौर ने मेनोपॉज के संकेत और लक्षण, शारीरिक व मानसिक बदलाव ,आहार के साथ ही दिनचर्या के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीमारी होने और बढ़ने का मुख्य कारण जानकारी तथा चर्चा का अभाव है।

## समाज इवेंट

# भगवान झूलेलाल उत्सव के लिए मूर्ति निर्माण का सिलसिला शुरू



**रायपुर।** सिंधु एकता संघ सिंधी समाज द्वारा झूलेलाल उत्सव की तैयारियां उत्साह से की जा रही हैं। मूर्तियों का निर्माण मूर्तिकार सुरेश प्रजापति द्वारा किया जा रहा है। संघ के संस्थापक सुभाष बजाज, झूलेलाल उत्सव के संयोजक महेश मोटवानी, अध्यक्ष चंद्रकुमार माखीजा ने बताया कि संत लालदासजी की प्रेरणा, संत युधिष्ठिरलाल और माता साहेब मीरादेवी के आशीर्वाद से लगातार 14वें वर्ष भी गणेश उत्सव की तरह झूलेलाल उत्सव भी मनाया जाएगा। इसके तहत 16 मार्च को घरों में भगवान झूलेलाल की मूर्ति स्थापित की जाएगी। इसके बाद पांच दिन विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद चेट्रीचंड्र के दूसरे दिन 21 मार्च को विसर्जन किया जाएगा। इससे पहले छत्तीसगढ़ में झूलेलाल उत्सव को लेकर समाज में उत्साह और मूर्ति निर्माण कार्य निरंतर जारी है। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश भी निशुल्क मूर्तियां भेजी जाएंगी।

### इन स्थानों पर करा सकते हैं पंजीयन

संस्थाओं द्वारा पूरे देश में सिंधु एकता संघ की प्रेरणा से मूर्तियों का निर्माण कराया और निशुल्क वितरण किया जा रहा है। रायपुर में पंजीयन स्थलों में अपनी मूर्ति पंजीकृत कराने की जानकारी दी जा रही है। पंजीयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सिंधी संस्कृति व धर्म प्रचार तथा समाज के युवाओं व बच्चों को सिंधी समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। लोग लाखेनगर में भारत चंदवानी और सुनील रामवानी, पंडरी-देवेंद्र नगर में चंदू माखीजा, तेलीबांधा में कपिल उदासी, नर्मदापारा में संतोष डोडानी, संत कंवरराम नगर कटोरा तालाब में अप्पू वाडिया, श्रीनगर में विनोद शितलानी, फाफाडीह में नरेश भोजवानी के पास पंजीयन करा सकते हैं।

## अध्यात्म

# देश के सवा करोड़ दादा गुरुदेव भक्तों ने किया इक्तीसा जाप



**रायपुर।** विश्व में भीषण युद्ध के मध्य देश के सवा करोड़ दादा गुरुदेव के भक्तों ने इक्तिसा जाप करके विश्व को शान्ति का सन्देश दिया। खरतरगच्छाधिपति जिनमणिप्रभ सूरीश्वर ने विश्व के नेताओं से अपील किया है कि भगवान महावीर के अहिंसा व जियो और जीने दो के मार्ग पर चलें। अहिंसा, सहिष्णुता, करुणा व जियो और जीने दो के रास्ते पर चलकर ही विश्व में शान्ति का वातावरण निर्मित होगा। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि जिनदत्त सूरि त्रिदिवसीय चादर महोत्सव के अवसर पर देशभर में सामुहिक दादा गुरुदेव इक्तिसा जाप का आयोजन किया गया। शनिवार को चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में भी सैकड़ों भक्तों ने संगीतमय इक्तिसा जाप किया।

### ये परिवार इक्तीसा जाप व गुरुप्रसादी के लाभार्थी

इक्तिसा जाप व गुरुप्रसादी के लाभार्थी तिलोकचंद शांतिलाल अशोक कुमार बरड़िया, पानी बाई आसकरण भंसाली परिवार, अशोक पुष्पा देवी, प्रशांत रीनू रायना रचित कोचर, वर्तिका वर्धमान वैभव चोपड़ा सहित कई परिवारों को गुरुप्रसादी का लाभ प्राप्त हुआ। 8 मार्च को प्रातः छत्तीसगढ़ के आध्यत्म योगी पूज्य उपाध्या महेन्द्र सागर का आचार्य पदारोहण होगा। साथ ही भक्तों द्वारा चमत्कारी चादर चोलपट्टा व मुहपत्ती का वासक्षेप पूजन किया जाएगा। अभिषेक जल व पूजित वासक्षेप का श्रद्धालुओं में वितरण किया जाएगा। इक्तिसा जाप में निर्वाणा ग्रुप व खरतरगच्छ महिला परिषद की भक्तों ने भाग लिया।

---

**विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर हरिभूमि-आईएनएच न्यूज का 'शक्तिरूपा सम्मान' कार्यक्रम**

# कला-शिक्षा से लेकर राजनीति तक शक्तिरूपा सम्मान से नवाजी गईं गुणी महिलाएं, जीवन का संघर्ष किया साझा

विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर हरिभूमि-आईएनएच न्यूज ने शक्तिरूपा सम्मान का आयोजन किया। शुक्रवार को दोपहर 1 बजे यह आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश की उन प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी प्रतिभा और साहस के बल पर विविध क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान कायम कर नारी शक्ति का मान बढ़ाया है। इनमें कला, शिक्षा, चिकित्सा, राजनीति, बिजनेस से जुड़ी नारी सशक्तिकरण की प्रत्यक्ष उदाहरण बनीं महिलाओं को सम्मानित किया गया।





**रायपुर।** समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा रहीं। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा ने की। साथ ही विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ी लोकगायिका कंचन जोशी और सरिता अग्रवाल फांउडर ऑफ कदम आर्ट्स ऑर्गनाइजेशन रहीं। कार्यक्रम का संचालन आईएनएच न्यूज की एंकर राजश्री थवाईत, वरिष्ठ एंकर सोनल भारद्वाज ने किया। इस दौरान हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की टीम उपस्थित रही।

### गेम, सिंगिंग और नृत्य से किया एंजॉय

कार्यक्रम में महिलाओं ने कप गेम, सोशल मीडिया गेम्स खेल कर खूब आनंद लिया और उपहार जीते। वहीं लोकगायिका कंचन जोशी ने छत्तीसगढ़ी लोकगीतों से समा बांधा। भरतनाट्यम पेश कर अंशिका ने अपनी कला, प्रतिभा से सबका दिल जीत लिया।

### इस मुकाम तक पहुंचाने में मेरे पति का योगदान रहा

छत्तीसगढ़ी लोकगायिका कंचन ने अपनी सफलता का श्रेय पति को देते हुए कहा कि वे शादी से पहले कुछ भी नहीं थीं। जब शादी हुई तो मेरे पति ने मेरा पूरा सपोर्ट किया और आज मैं छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार के रूप में पहचानी जा रही हूं।

### अपने लिए कुछ समय निकालकर खुद को सम्मान दें महिलाएं

संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि वे पहले सिंपल हाउस वाइफ थीं, उनका सारा समय किचन में संयुक्त परिवार की सेवा में गुजरता था। ऐसा समय आया कि किचन से निकलकर विधानसभा तक पहुंच गई। इसलिए महिलाओं से कहना चाहती हूं कि मेहनत करती रहें और कुछ समय अपने लिए भी निकालकर किचन में अपनी पसंद की डिश अपने लिए बनाकर खाएं और इसी बहाने खुद का सम्मान करें।



### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में श्रीमती सुधा वर्मा स्कॉलर, आर्टिस्ट और वेलनेस प्रोफेशनल, डॉ. रत्ना नशीने प्रोफेसर एवं अधिष्ठाता, लिंगो मुडियाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र नारायणपुर, सुनीता चंसोरिया समाजसेविका, श्रीमती प्रतिमा कुरारिया एंटरप्रेन्योर और हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल, डॉ. नीलम सिंह स्त्रीरोग विशेषज्ञ, आमना मीर असिस्टेंट डायरेक्टर जनसंपर्क विभाग, डॉ. दानेश्वरी संभाकर उपसंचालक जनसंपर्क विभाग रायपुर, सोनालिका शुक्ला ग्रंथपाल राज्यपाल का सचिवालय लोकभवन रायपुर, वंदना राजपूत प्रदेश महासचिव कांग्रेस का सम्मान किया गया।









---

# छग महिला क्रिकेट टीम की नई उड़ान, 12 खिलाड़ियों से शुरू हुआ कारवां, अब देश की टॉप टीमों की लिस्ट में शामिल

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर छत्तीसगढ़ की महिला क्रिकेट टीम ने प्रदेश का सिर फख्र से ऊंचा कर दिया है। इंडियन महिला क्रिकेट टीम की तर्ज पर ही छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने बीते 10 वर्षों में अपनी स्किल और तकनीक में जबरदस्त सुधार किया है। इसी का नतीजा है कि छत्तीसगढ़ की टीम अब बीसीसीआई के बोर्ड मैचों में टॉप-10 में अपनी जगह पक्की कर चुकी है। अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर छत्तीसगढ़ की टीम ने पहली बार बीसीसीआई के वनडे टूर्नामेंट में लगातार 7 मैचों में जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि छत्तीसगढ़ ने मुंबई, उत्तराखंड, राजस्थान और बंगाल जैसी उन टॉप टीमों को धूल चटाई है, जिनसे जीतने में उन्हें 10 साल से अधिक का समय लग गया। एक समय ऐसा था, जब छत्तीसगढ़ की टीम के लिए एक मैच जीतना भी किसी पहाड़ चढ़ने जैसा मुश्किल होता था। पहले जहां टीम 50-60 रन ही बना पाती थी और उसे ही एक बड़ा स्कोर मान लिया जाता था, वहीं आज छत्तीसगढ़ की महिला टीम 200 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करने का आत्मविश्वास रखती है। यह ऐतिहासिक बदलाव खिलाड़ियों की दिन-रात की मेहनत और खेल व्यवस्थाओं में आए सुधार का ही नतीजा है।

महिला दिवस विशेष



### कभी 12 खिलाड़ियों से होती थी प्रैक्टिस आज 60 से ज्यादा रजिस्टर्ड चेहरे

10 साल का संघर्ष और अब सेमीफाइनल का सफर, क्रिकेट के मैदान पर छा रही हैं छत्तीसगढ़ की बेटियां

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के लिए इस महिला टीम को तैयार करने से लेकर इस मुकाम तक पहुंचाने का सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। एसोसिएशन के डायरेक्टर विजय शाह ने बताया कि टीम बनाने के शुरुआती दिनों में सबसे बड़ी चुनौती खिलाड़ियों की संख्या हुआ करती थी। उस वक्त टीम में मुश्किल से केवल 12 से 15 महिला क्रिकेटर ही होती थीं, जिसके कारण प्रैक्टिस मैच भी उन्हीं के बीच कराने पड़ते थे, लेकिन आज तस्वीर बदल चुकी है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ महिला क्रिकेट टीम के पास 60 से अधिक रजिस्टर्ड खिलाड़ी हैं, जिससे टीम के भीतर ही एक स्वस्थ और मजबूत प्रतिस्पर्धा का माहौल बना है।

### देश की सबसे तेजी से उभरती महिला टीमों में शुमार

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ का कहना है कि शुरुआती दिनों में तकनीकी और बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी थी। एक समय टीम बनाना और उसका संचालन करना ही बड़ी चुनौती थी, लेकिन आज यह देश की सबसे तेजी से उभरती महिला क्रिकेट टीमों में से एक बन चुकी है। अब खिलाड़ियों को प्रोफेशनल ट्रेनर्स से सही गाइडेंस मिल रही है और आधुनिक क्रिकेट सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी का सीधा असर है कि एसोसिएशन के आयोजनों में बीते तीन सालों में टीम लगातार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है।

### इंडोर स्टेडियम और साल में 50 से ज्यादा मैच

सुविधाओं में हुए विस्तार को लेकर खिलाड़ी ने बताया कि बीते कुछ वर्षों में महिला क्रिकेट में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव आया है। आज से 5–10 साल पहले बारिश के मौसम में इंडोर सुविधा न होने के कारण प्रैक्टिस करना भी मुश्किल होता था। लेकिन अब एसोसिएशन की ओर से इंडोर सुविधा मिलने से पूरे साल नियमित अभ्यास संभव हो पाया है। वर्तमान में छग टीम की कप्तान कृति गुप्ता है, जो जिन्होंने लगातार 9 मैचों में 294 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक भी शामिल हैं।

# महिलाओं में फैलाया शिक्षा का उजियारा अंग्रेजी सुधारने फ्री कोचिंग



**रायपुर।** जाने कितनी ही महिलाएं ऐसी हैं, जिनको शिक्षा से वंचित रहना पड़ा। ऐसी महिलाओं के जीवन में शिक्षा का उजियारा फैलाने का दायित्व निभाने वाली सुंदर नगर निवासी सपना अवधिया स्वयं शिक्षिका हैं। उन्होंने बताया कि कामकाजी महिलाओं में शिक्षा के अभाव को देखते हुए उन्हें शिक्षा की मूलधारा से जोड़ने का प्रयास किया। विवाहित महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास आसान नहीं था। घर-गृहस्थी से जुड़ी ऐसी 17 अशिक्षित महिलाओं को प्राथमिक शिक्षा से लेकर 10वीं बोर्ड परीक्षा से जोड़ने का प्रयास किया। इससे वे सभी तरह के फार्म भरने से लेकर बैंकिंग सहित सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी जुटाने में सक्षम हुईं। इसी तरह सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली स्लम बस्ती की छात्राओं को अंग्रेजी का बेसिक सिखाने के लिए फ्री कोचिंग देने का दायित्व भी निभा रही हैं।

### नारी शक्ति को सशक्त बनाने का किया प्रयास

उन्होंने बताया कि महिला दिवस की सार्थकता तब होगी, जब महिलाओं की ओर से महिलाओं को हर क्षेत्र में बेहतर बनाने का प्रयास होगा। एक प्राइवेट स्कूल में बतौर शिक्षिका सेवा देते हुए मैंने प्रयास किया। इससे 25 से ज्यादा स्लम बस्ती की बेटियों ने बोर्ड परीक्षा दिलाते हुए सरकारी स्कूल में पढ़ते हुए भी अंग्रेजी में बेहतर अंक प्राप्त किए। इसके लिए खुद के दायित्वों का निर्वहन करते हुए नारी शक्ति को सशक्त बनाने का प्रयास अभी भी करती हूं, ताकि स्लम बस्ती में रहने वाली बेटियों और महिलाओं के जीवन में शिक्षा का उजियारा फैले।

# संस्कारों का संवर्धन करने वाली महिलाओं का सम्मान



**रायपुर।** प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज द्वारा महिला दिवस पर 15 महिलाओं को नारी शक्ति स्वरूपा सम्मान दिया। नारी से नर होत है ध्रुव प्रहलाद समान। इस उक्ति को चरितार्थ करने वाली ऊर्जावान, संस्कारों का संवर्धन करने वाली, घर-परिवार और शासकीय सेवा देने वाली माताओं, बहनों और बेटियों का सम्मान करते हुए संगठन ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया। समारोह में मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे, वार्णिका शर्मा अध्यक्ष बाल संरक्षण आयोग एवं पूर्व अध्यक्ष योग आयोग ज्ञानेश शर्मा ने नारी शक्ति का सम्मान किया। इसमें मंजू पांडेय, शिवाली तिवारी, कल्पना मिश्रा, सरोज पांडेय, डॉ. वीणा मिश्रा, सोनालिका शुक्ला, ईरा पंत सहित 15 महिलाओं का सम्मान किया गया।



# मातृशक्ति को प्रणाम : 61 महिलाओं का अभिनंदन

रायपुर। समाज में महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने और उनके प्रेरणादायी कार्यों को नई पहचान देने के उद्देश्य से हरसंभव फाउंडेशन ने महिला सम्मान समारोह एवं शपथ ग्रहण का आयोजन शनिवार शाम वृंदावन हॉल में किया। महिला दिवस पर किए गए आयोजन में समाजसेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और जनजागरूकता में उल्लेखनीय और प्रेरणादायी कार्य कर रही 61 चयनित महिलाओं को सम्मानित किया। पुष्पलता त्रिपाठी अध्यक्ष ने बताया कि इन महिलाओं ने अपने समर्पण, संघर्ष और सेवा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया है। वहीं संस्था की 11 नई पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियों के लिए नियुक्त करके शपथ ग्रहण कराया गया, ताकि संस्था द्वारा सरोकारों से जुड़े कार्यों को और सशक्त तरीके से आगे बढ़ाया जा सके। इसमें प्रमुख रूप से विधायक सावित्री मंडावी, डॉ. रुना शर्मा, डॉ. प्रीति उपाध्याय, दीपाक्षा जैन, प्रीति रानी तिवारी, डॉ. रुचिरा पांडे शामिल हुई।

# गांव की दीदियों के साथ मनाया महिला दिवस



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक सेवा संस्था स्नेह फाउंडेशन द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय, बाहनाकड़ी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर महिलाओं के लिए निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। जिन महिलाओं की आंखों में नंबर पाया गया, उन्हें निशुल्क चश्मा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही महिलाओं के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और सहभागिता का वातावरण बना। सभी उपस्थित महिलाओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य जागरूकता के साथ महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। स्नेह फाउंडेशन का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक और संरचित परिवर्तन लाना है। आज के कार्यक्रम में त्रिवेणी डायग्नोस्टिक की डॉ. स्वाति और उनकी टीम ने नेत्र जांच शिविर का संचालन किया। इस अवसर पर स्नेह की टीम से संगीता, अंजू, मोनिता, नम्रता, रितिका, इशिका, नयनतारा, मोनिका और प्रज्ञा उपस्थित रहीं।